Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 203 | शुक्रवार, 25 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भारत-ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक एफटीए

# पीएम मोदी और स्टार्मर की मौजूदगी में विजन डाक्यूमेंट-2035 पर भी लगी मुहर

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेहद आक्रामक शुल्क नीति से फैली वैश्विक अस्थिरता के बीच वैश्विक उद्योग जगत में भरोसा जगाते हुए भारत और ब्रिटेन ने गुरुवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। लंदन में पीएम नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर की मौजूदगी में भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनोल्ड ने समग्र आर्थिक व कारोबारी समझौते (सीटा) पर हस्ताक्षर किए। इसे दोनों प्रधानमंत्रियों ने ऐतिहासिक करार दिया। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने भारत व ब्रिटेन के द्विपक्षीय रिश्तों के अगले 10 वर्षों की दिशा तय करने वाले विजन डाक्यूमेंट-2035 को भी मंजूरी दी। इसमें रक्षा व सुरक्षा क्षेत्र में औद्योगिक सहयोग को बढ़ाने वाले रोडमैप को भी मंजूरी दी गई है। भारत के कृषि व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए भी ब्रिटेन में नए अवसर बनेंग पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार देर रात लंदन पहुंचे। गुरुवार को स्टार्मर के साथ बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने सीटा के बारे में कहा-' यह समझौता केवल आर्थिक साझेदारी नहीं, बल्कि साझा समृद्धि की योजना है। एक ओर भारत के कपड़ा, जूते, रत्न व आभूषण, समुद्री खाद्य, इंजीनियरिंग उत्पादों को ब्रिटेन में बड़ा बाजार मिलेगा। भारत के कृषि व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए भी ब्रिटेन में नए अवसर बनेंगे। भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों, और मझोले व छोटे उद्यमों को विशेष तौर पर लाभ होगा। दूसरी ओर, भारत के लोगों व उद्योग के लिए ब्रिटेन के उत्पादों, चिकित्सा उपकरणों व उड्डयन क्षेत्र के कल-पुर्जों की उपलब्धता सुलभ व किफायती होगी। उन्होंने इसे यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन का सबसे महत्वपूर्ण कारोबारी समझौता करार दिया।

### ब्रिटेन को भारत के सक्षम कार्यकुशल श्रमिक उपलब्ध होंगे


ब्रिटेन को भारत के सक्षम कार्यकुशल श्रमिक उपलब्ध होंगे। दोनों देशों में निवेश बढ़ेगा और इससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे। इतना ही नहीं, दो लोकतांत्रिक देशों और विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थों के बीच समझौते से वैश्विक स्थिरता और संपन्नता को भी बल मिलेगा।'इस दौरान पीएम स्टार्मर ने इस समझौते को ब्रिटिश जनता और कारोबारियों के लिए फायदेमंद बताया।







## मानहानि मामले में राहुल गांधी को जमानत, सावरकर पर टिप्पणी कर फंसे थे कांग्रेस के 'युवराज'



**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 2022 में हुई भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हिंदुत्व विचारक और स्वतंत्रता सेनानी विनायत दामोदर सावरकर के बारे में टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दायर मानहानि के एक मामले में उन्हें नासिक की एक अदालत से जमानत मिल गई है। गुरुवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर.सी. नरवाडिया के समक्ष वीडियो लिंक के माध्यम से पेश हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने खुद को निर्दोष बताया। नासिक निवासी देवेंद्र भुटाडा ने अपने वकील मनोज पिंगले के माध्यम से भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) और 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) के तहत उनके विरुद्ध आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया है। गांधी द्वारा स्वयं के निर्दोष होने की दलील दिए जाने के बाद उनके वकीलों ने जमानत की मांग की।

## अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी की छापेमारी, सामने आया स्पष्टीकरण,3000 करोड़ रुपये के लोन फ्रॉड का है मामला




**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े करीब 50 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों एवं यस बैंक से जुड़े करीब 3000 करोड़ रुपयों के बैंक धोखाधड़ी मामले में की गई है। इस छापेमारी को लेकर अनिल अंबानी समूह की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया है कि जिन रिपोर्टों को लेकर ईडी की कार्रवाई की जा रही है, वह रिलायंस होम फाइनेंस से जुड़े आठ वर्ष से ज्यादा पुराने लेनदेने से संबंधित प्रतीत होती हैं। ईडी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों पर जिन शिकायतों के आधार पर छापेमारी की हैं, वे अंबानी समूह की कंपनियों द्वारा लोन के दुरुपयोग, रिश्वतखोरी और सार्वजनिक संस्थाओं के साथ धोखाधड़ी से संबंधित हैं। सूत्रों का कहना है कि ईडी को प्राप्त हुई जानकारियां नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, बैंक आफ बड़ौदा आदि से प्राप्त हुई थीं। ईडी को पता चला है कि अनिल अंबानी समूह से जुड़ी कंपनियां सार्वजनिक धन की हेराफेरी एवं वित्तीय संस्थानों को गुमराह करने की योजना में शामिल थीं। कहा जा रहा है कि इसमें 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से करीब 3000 करोड़ रुपयों के ऋण की कथित तौर पर हेराफेरी की गई थी। इस हेराफेरी की कड़ी में कई मामलों में औपरचारिक मंजूरी मिलने से पहले ही ऋण वितरित कर दिया गया और बैंक में आवेदन जमा होने के दिन ही राशि भी जारी कर दी गई।

## 50 मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ आरएसएस चीफ की अहम बैठक

**नई दिल्ली।**

आरएसएस, अपने संबद्ध संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। 2023 में, एमआरएम ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ने और ₹एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक राष्ट्रगान₹ की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना की घोषणा की है।

सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने की एक उल्लेखनीय पहल के तहत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने आज दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुस्लिम धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, सह महासचिव कृष्ण गोपाल, वरिष्ठ नेता रामलाल और इंद्रेश कुमार भी मौजूद थे। समाचार एजेंसी एएनआई के सूत्रों के अनुसार, अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी सहित कई मुस्लिम धार्मिक नेता इस बैठक में भाग लेने वाले थे। आरएसएस, अपने संबद्ध संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। 2023 में, एमआरएम ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ने और ₹एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक राष्ट्रगान₹ की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना की घोषणा की है।



## रेणुकास्वामी हत्याकांडः अभिनेता दर्शन को जमानत पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।**

रेणुकावामी हत्याकांड मामले में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को जमानत देने पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कर्नाटक हाईकोर्ट को दूसरी बार फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने अपनी न्यायिक शक्ति का दुरुपयोग किया है। रेणुकावामी हत्याकांड मामले में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को जमानत देने पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कर्नाटक हाईकोर्ट को दूसरी बार फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने अपनी न्यायिक शक्ति का दुरुपयोग किया है। इससे पहले 17 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता दर्शन को हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर सवाल उठाए थे। इस दौरान कहा गया था कि ऐसा लगता है कि हाईकोर्ट ने अपने विवेक का सही इस्तेमाल नहीं किया। फि लहाल, सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता की जमानत रद्द करने पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। रेणुकावामी हत्याकांड मामले में दर्शन को हाईकोर्ट ने 13 दिसंबर, 2024 को जमानत दी थी, जिसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया था। इसके खिलाफ कर्नाटक सरकार ने मार्च में हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।



## 'सहमति से संबंध बनाने की उम्र 16 साल की जाए'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 16 से 18 साल के किशोरों के आपसी सहमति से बने प्रेम संबंधों को लेकर बहस चल रही है।

सीनियर वकील और अमाइकस क्यूरी इंदिरा जयसिंह ने कोर्ट से अपील की है कि सहमति की उम्र को 18 से घटाकर 16 साल किया जाए। यह मांग उन्होंने 'निपुण सक्सेना बनाम भारत सरकार' मामले में अपने लिखित सुझावों में रखी है। उनका कहना है कि मौजूदा कानून 16 साल से 18 साल के किशोरों के लिए आपसी सहमति से बने प्रेम संबंधों को भी अपराध मानता है, जो संविधान के तहत मिलने वाले अधिकारों का उल्लंघन है।

## उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर फेरबदल, 19 आईएएस अधिकारियों की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती

**लखनऊ।**

प्रदेश सरकार ने गुरुवार को 19 आईएएस अधिकारियों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती दे दी है। ये अधिकारी वर्तमान में सहायक कलेक्टर के पद पर तैनात थे। जौनपुर की सहायक कलेक्टर इशिता किशोर को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। कन्नौज की सहायक कलेक्टर स्मृति मिश्रा को ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर बिजनौर भेजा गया है। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में सहायक कलेक्टर अयोध्या स्वाति शर्मा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आगरा, सहायक कलेक्टर गोरखपुर शिशिर कुमार सिंह को अलीगढ़, सहायक कलेक्टर सुलतानपुर वैशाली को कन्नौज, सहायक कलेक्टर लखनऊ गुंजिता अग्रवाल को बाराबंकी, सहायक कलेक्टर सीतापुर नितिन सिंह को वाराणसी, सहायक कलेक्टर प्रयागराज अनुभव सिंह को कानपुर नगर भेजा गया है। इसी तरह, वाराणसी के सहायक कलेक्टर साई आश्रित शाखमुरी को बदायूं, सहायक कलेक्टर मेरठ नारायणी भाटिया को हरदोई, सहायक कलेक्टर फर्रूखाबाद महेन्द्र सिंह को मीरजापुर, मुजफ्फरनगर के सहायक कलेक्टर चलुवराजु आर को लखीमपुर खीरी के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाया गया है।




## हंगामे के भेंट चढ़ा मानसून सत्र का चौथा दिन



**नई दिल्ली।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजें ठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है। मानसून सत्र का चौथा दिन भी हंगामे के साथ शुरू हुआ। सदन में विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सत्र शुरू होने से पहले, विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित अन्य मुद्दों को लेकर संसद के मकर द्वार पर फिर से विरोध प्रदर्शन किया। सत्र के पहले तीन दिन इसी तरह के विरोध प्रदर्शनों के कारण लगभग बिना किसी कार्यवाही के ही बीत गए, जिसके कारण बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी और कोई भी महत्वपूर्ण विधायी कार्य नहीं हो सका। आपको बता दें कि विपक्ष ने केंद्र सरकार पर एसआईआर अभ्यास, ऑपरेशन सिंदूर, भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम पर बातचीत करने के डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार दावों पर बहस के लिए दबाव बनाना जारी रखा है, साथ ही सत्र के पहले दिन के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर जवाब मांग रहा है।

### लोकसभा-राज्यसभा कल तक स्थगित

## तेलंगाना में जाति जनगणना को लेकर गदगद हुए राहुल गांधी

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक सामाजिक औजार है और साथ ही एक वित्तीय, आर्थिक औजार भी है। भाजपा को यह पसंद नहीं है कि यह एक राजनीतिक औजार भी है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की और राज्य में जाति सर्वेक्षण के प्रमुख विवरणों पर चर्चा की। दूसरी ओर एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि रेवंत रेड्डी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं ने मेरी उम्मीदों से कहीं बढ़कर काम किया। उन्होंने न केवल जाति जनगणना उस भावना से की जिस भावना से होनी चाहिए थी। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि जिस कुशलता से उन्होंने इसे किया है, वह देश में सामाजिक न्याय के लिए एक मील का पत्थर है। यह तय करेगा कि राष्ट्रीय जाति जनगणना कैसी होगी, चाहे भाजपा इसे पसंद करे या न करे। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक सामाजिक औजार है और साथ ही एक वित्तीय, आर्थिक औजार भी है।

इस दौरान रेवंत रेड्डी ने कहा कि भाजपा ने साल 2020 में सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र दिया कि हम जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे। राजनाथ सिंह ने संसद में खड़े होकर कहा कि हम देश में जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे। लेकिन जब राहुल गांधी जी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान देश के लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्या सुनीं तो उन्होंने मांग उठाई कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। उसी दौरान, राहुल गांधी जी ने यह भी कहा था कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने के बाद जातिगत जनगणना कराई जाएगी और बाद में हमने राज्य में ये काम पूरा भी किया।



## संपादक की कलम से

# संसद में बहस क्यों नहीं?

संसद में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर कोई बहस नहीं होगी। यह भारत सरकार का नहीं, चुनाव आयोग का मामला है। चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, लिहाजा संसद उसके कार्यों और फैसलों पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती। सुप्रीम न तो संसद है और न ही सर्वोच्च अदालत है, बल्कि संविधान है। सरकार संसद में यह गलत परंपरा शुरू नहीं होने देगी। इस तरह सरकार ने विपक्ष का एक महत्वपूर्ण मुद्दा छीन लिया है। क्या मोदी सरकार के इस निर्णय से विपक्ष शांत होकर बैठ जाएगा और संसद की कार्यवाही चलने देगा? यह स्थिति इतनी आसान नहीं है। चुनाव आयोग ने घोषणा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में भी किया जाएगा। इन राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं, लिहाजा संसद में बहस की पक्षधर हैं, लेकिन सरकार इस मुद्दे को यहीं दबा देना चाहती है। उसका तर्क है कि संवैधानिक संस्थाओं को संसद में नहीं खींचा जा सकता। यदि ऐसी परंपरा शुरू की जाती है, तो वह संविधान की बुनियादी भावना के खिलाफ होगा, लेकिन विपक्ष आमादा है। उसकी पहली मांग थी कि पहलगाम नरसंहार, ऑपरेशन सिंदूर, संघर्ष विराम और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का 25 बार यह दावा करना कि भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध उन्होंने रुकवाया, विपक्ष इन मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी का जवाब चाहता है। इस पर बहस सोमवार और मंगलवार को होगी और दोनों सदनों में 16–16 घंटे का वक्त तय किया गया है। दूसरा अहम मुद्दा एसआईआर का है, क्योंकि बिहार में विधानसभा चुनाव 3–4 माह में ही होने हैं। बहरहाल संसद के मानसून सत्र के तीन दिन विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के कारण धुल चुके हैं। गौरतलब है कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपए खर्च होते हैं। यानी एक घंटे का खर्च 1.5 करोड़ रुपए। यदि सदन की कार्यवाही औसतन 8 घंटे चलती है, तो 12 करोड़ रुपए खर्च होंगे। तीन दिनों का औसतन खर्च 36 करोड़ रुपए मान लीजिए। देश में करीब 80 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी सालाना आय 2.5 लाख रुपए भी नहीं है। करीब 60 फीसदी भारतीय ऐसे हैं, जो 2.5 लाख रुपए सालाना कमाने में भी अक्षम हैं। हम गरीबी–रेखा के तले जीने वालों की बात ही नहीं कर रहे। उनके डाटा में कई अंतर्विरोध हैं। आर्थिक असमानता के दो बिंब देश के सामने हैं। यदि हमारे माननीय सांसद अपना दैनिक भत्ता और वेतन को सुरक्षित रखते हैं और काम के नाम पर सदन में हंगामा, शोर, नारेबाजी ही करते हैं, तो यह देश के सामान्य नागरिकों के साथ अन्यायपूर्ण विषमता का व्यवहार होगा। सांसदों पर काम नहीं, वेतन नहीं का फॉर्मूला क्यों नहीं लागू किया जा सकता? दरअसल यह किसी भी सरकार ने कानून नहीं बनाया है। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को यहां तक टिप्पणी करनी पड़ी कि आप संसद में सडक का व्यवहार न करें। देश आपको देख रहा है। आप निर्वाचित सांसद हैं। सदन में ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हाथ जोड़ कर गुहार लगाते हैं और विपक्ष से याचना करते हैं कि वे किसानों की समस्याओं पर बात होने दें। वे भी किसानों से जुड़े मुद्दे उठाएं, लेकिन विपक्षी सांसदों ने वेल में जाकर काले कपड़े लहराए। यहां तक बयान दिए कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जाते हैं। क्या संसद का सबसे पवित्र और गरिमामय मंच ऐसी ही सियासत के लिए बना है? एसआईआर पर तो अब संसद में बहस नहीं होगी, लेकिन दूसरी तरफ बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी है। यह स्थिति तब है, जब यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है और उसका फैसला अभी आना है। सर्वोच्च अदालत भी संवैधानिक संस्था है। विपक्ष आने वाले वक्त में नोटिस दे सकता है कि सदन में शीर्ष अदालत के फैसलों का भी विवेचन किया जाए।



ललित शर्मा
संपादक

# जब बिहार में पूर्वी भारत के विकास की अंगड़ाई आकार लेगी तो भाजपा की सरकारें स्वत: बनने लगेंगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जब बिहार में पूर्वी भारत के विकास की अंगड़ाई आकार लेगी तो पड़ोसी राज्यों में भाजपा की सरकारें खुद-ब-खुद बनती चली जाएंगी। बस, थोड़ी मेहनत करनी होगी, जिससे वो कतई नहीं हिचकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी, बिहार के गांधी मैदान में एक चुनाव पूर्व रैली कर 7217 करोड़ रुपये की विभिन्न लोकलुभावन परियोजनाओं की सौगात दी। देखा जाए तो आगामी अक्टूबर-नवम्बर माह में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले बीते महज 45 दिनों यानी डेढ़ महीने में उनका यह तीसरा बिहार दौरा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उन्होंने 20 जून को सीवान में और 30 मई को बिक्रमगंज (रोहतास) में उनकी रैली हुई थी, जिस दौरान भी उन्होंने उन इलाकों में हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरूआत हुई थी। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में उनके दौरे और बढ़ेंगे, जिससे साफ है कि यूपी में लगातार दूसरी पारी खेल रही भाजपा की देशव्यापी सफलता के लिए बिहार विस चुनाव अब काफी अहम हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि जब बिहार में पूर्वी भारत के विकास की अंगड़ाई आकार लेगी तो पड़ोसी राज्यों में भाजपा की सरकारें खुद-ब-खुद बनती चली जाएंगी। बस, थोड़ी मेहनत करनी होगी, जिससे वो कतई नहीं हिचकते। दरअसल, इसकी दो वजहें हैं- पहली, सियासत में यूपी-बिहार को महाराष्ट्र-गुजरात, राजस्थान-मध्यप्रदेश, हरियाणा-पंजाब, पश्चिम बंगाल-असम, कर्नाटक-आंध्रप्रदेश और केरल-तमिलनाडु आदि की तरह ही जुड़वा भाई समझा जाता है। दूसरी, भाजपा की सबसे पुरानी गठबंधन सहयोगी पार्टी जदयू अपनी प्रतिस्पर्धी राजनीतिक पार्टी राजद से जमीनी सियासी चुनौतियों का सामना कर रही है, जिससे ब्रेक के बाद भाजपा के सुनहरे राजनीतिक सपने भी प्रभावित होते आए हैं। यही वजह है कि यहां पर एनडीए के साथ-साथ भाजपा का भी मजबूत होना बेहद जरूरी है। चूंकि हाल के वर्षों में पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की फतह, फिर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत, ततपश्चात दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की फतह और उसके बाद उड़ीसा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के मुख्य सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही रहे हैं, इसलिए उन्होंने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए की फतह के लिए अपना होमवर्क शुरू ही नहीं किया, बल्कि उसे तेज कर दिया है। यह इसलिए भी जरूरी है कि अगले वर्ष पश्चिम बंगाल में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसे जीतना भाजपा के लिए बहुत जरूरी है। ऐसा इसलिए कि यह जनसंघ (अब भाजपा) के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का गृह प्रदेश के साथ साथ भारत की सांस्कृतिक राजधानी कोलकाता को प्रभावित करने वाला प्रदेश भी है। अभी हाल ही में बंगलादेश (पूर्वी पाकिस्तान) से जो चुनौती मिली या मिल रही है, उससे पश्चिम बंगाल में भाजपा का मजबूत होना अब राष्ट्रीय जरूरत बन चुकी है।



इससे दोनों बड़े राजनीतिक समूहों को उम्मीद है कि जनसुराज को जितने अधिक वोट मिलेंगे, उनकी जीत की संभावना उतनी अधिक रहेगी। इसके अलावा, जनसुराज के मजबूती से उभरने की स्थिति में उनपर डोरे डालकर सत्ता तक पहुंचना आसान हो जाएगा। बता दें कि राज्य में एनडीए की ओर से बीजेपी और जेडीयू एक बार फिर पारस्परिक गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। जिससे नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और नीतीश कुमार के परिपक्व सियासी अनुभव को मिलाकर वे दोनों दल सत्ता में दमदार वापसी का दावा कर रहे हैं। वहीं, ओपिनियन पोल्स के अनुसार भी एनडीए को अभी बढ़त दिखाई जा रही है, खासकर शहरी क्षेत्रों और महिला मतदाताओं में। हालांकि, सीटों का आंकड़ा 2015 और 2020 की तुलना में थोड़ा कमतर भी आंका जा रहा है। दूसरी ओर इंडी महागठबंधन की अगुवाई कर रहे राजद सुप्रीमो तेजस्वी यादव कांग्रेस और वामपंथी दलों को साधते हुए रोजगार, शिक्षा, भ्रष्टाचार और अपराध जैसे मुद्दों को लेकर लगातार आक्रामक चुनाव प्रचार कर रहे हैं। यही वजह है कि कुछ सर्वे में उन्हें भी अच्छा समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है, खासकर युवाओं और ग्रामीण मतदाताओं में। हालांकि, आप के इंडिया गठबंधन से अलग होने और बिहार में उसके अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा से राजद–कांग्रेस की बेचैनी बढ़ी है। वहीं, एआईएमआईएम से राजद–कांग्रेस की यदि चुनावी पटरी नहीं बैठी तो वह भी चुनावी ताल ठोकेगी, जिससे धर्मनिरपेक्ष वोटों का बंटवारा तय है। भाजपा यही चाहती भी है। जबकि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। हालांकि उन्हें सीमित सीटों पर समर्थन मिल सकता है, फिलहाल राज्यभर में कोई व्यापक लहर उनके पक्ष में नजर नहीं आ रही है। हालांकि, श्री किशोर मशहूर सियासी रणनीतिकार रहे हैं, जो चुनाव के अंतिम क्षणों में हवा का रुख मोड़ने में माहिर समझे जाते हैं। चूंकि भाजपा, कांग्रेस, जदयू, टीएमसी, आप के अलावा कई क्षेत्रीय पार्टियों के वे और उनके लोग सलाहकार रहे हैं, इसलिए अपने विशालकाय सियासी रणनीतिक अनुभवों से वो बिहार में मजबूती पूर्वक अपनी जड़ें जमा चुके हैं। यदि बिहार के सवर्णों ने एकजूट होकर प्रशांत किशोर के जनसुराज को वोट दे दिया तो एनडीए और इंडी गठबंधन के कांटे की टक्कर में वो 75–100 से ज्यादा सीटें निकाल सकते हैं।

वहीं, वर्ष 2026 में ही असम विधानसभा के चुनाव भी होंगे, जिसमें भाजपा के कद्दावर मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा की सरकार को रिपीट करवाना भी भाजपा नेतृत्व के लिए बेहद आवश्यक है। क्योंकि पूर्वोत्तर में भाजपा और एनडीए की बढ़त के पीछे असम की सियासत का बड़ा योगदान है। अपने देखा होगा कि तमाम तैयारियों के बावजूद भाजपा विगत झारखंड विधानसभा चुनाव में एक छोटी क्षेत्रीय पार्टी झामुमो के हाथों शिकस्त खा चुकी थी, क्योंकि उसे इंडिया गठबंधन का मजबूत साथ मिल गया। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वी भारत के सभी राज्यों में भाजपा को मजबूत करने की कमान अपने हाथ में ले ली है। क्योंकि 'मोदी है तो जीत मुमकिन है' वाला सियासी फॉर्मूला प्रायः हर जगह पर हिट हो जाता है। बता दें कि देश के पूर्वी राज्यों में बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के अलावा उत्तर-पूर्व के सात बहन राज्यों की भी गणना की जाती है, जिसमें असम का राजनीतिक स्थान महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि पूर्वी भारत के 11 राज्य देश के सर्वाधिक पिछड़े और गरीब राज्यों में से एक हैं, जहां के लोगों का जीवन स्तर भी अपेक्षाकृत निम्न है। इसलिए भाजपा की सकारात्मक पहल यहां रंग ला सकती है। यही वजह है कि बिहार की सियासी यात्राओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वी भारत के विकास के सुनहरे सपने दिखा रहे हैं। पीएम मोदी ने मोतिहारी में दो टूक कहा- हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में जैसे पश्चिमी भारत में मुंबई है, वैसे ही पूरब में मोतिहारी को बनाना है। पूर्वी भारत के विकास के लिए बिहार को विकसित बनाना है। इस दौरान उन्होंने एनडीए सरकार के विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि आज बिहार में तेजी से विकास का काम हो रहा है, क्योंकि केंद्र और बिहार में एनडीए की डबल इंजन सरकार है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि जैसे अवसर गुरुग्राम में हैं, वैसे ही अवसर गया जी में भी बनें। पुणे की तरह पटना में भी औधोगिक विकास हो। सूरत की तरह ही संथाल परगना का भी विकास हो। जयपुर की तरह जलपाईगुड़ी और जाजपुर में भी टूरिज्म के नए रिकॉर्ड बने। बंगलुरू की तरह वीरभूम के लोग भी आगे बढ़ें। ये इसलिए संभव है क्योंकि केंद्र और राज्य में बिहार के लिए काम करने वाली सरकार है। देखा जाए तो पूर्वी भारत के किसी भी राज्य में पीएम मोदी जाएं, लगभग एक समान बातें दोहराते हैं, ताकि पूर्वी भारत भी उत्तर भारत, दक्षिण भारत और पश्चिम भारत की तरह ही समग्र विकास के पैमाने पर खरा उतर सके। एक आंकड़ा देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी की सरकार थी, तो यूपीए के 10 साल में बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रुपये के आसपास मिले थे। लेकिन जब 2014 में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया तो केंद्र में आने के बाद मैंने बिहार से बदला लेने वाली उस पुरानी राजनीति को भी समाप्त कर दिया। पिछले साढ़े 11 साल में, एनडीए के 10 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो राशि दी गई है, वो पहले से कई गुना ज्यादा है। बिहार में ये पैसा जन कल्याण और विकास के काम आ रहा है। पीएम मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के राज में बिहार में विकास पर ब्रेक लगा हुआ था। लेकिन बिहार असंभव को भी संभव बनाने वाले वीरों की धरती है। चूंकि आप लोगों ने इस धरती को राजद और कांग्रेस की खतरनाक बेड़ियों से मुक्त किया, असंभव को संभव बनाया। इसलिए यह उसी का परिणाम है कि आज बिहार में गरीब कल्याण को योजनाएं सीधे गरीबों तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी से एनडीए के चुनाव अभियान को एक कदम और आगे बढ़ाया है। यहां पर लाखों लोगों की मौजूदगी में उन्होंने ₹फिर एक बार एनडीए सरकार₹ का नारा बुलंद किया। वहीं, भाषण सुनने पहुंची महिलाओं से मुखातिब होते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य को आगे बढ़ाने में उनकी बड़ी भूमिका है। यह भी याद दिलाया कि नीतीश कुमार ने जीविका के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बहुत कुछ किया। केंद्र सरकार भी अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए संकल्पित है। नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि बिहार को आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी ताकत बिहार के माता बहनों की है। एनडीए द्वारा उठाए जा रहे एक-एक कदम का महत्व बिहार की माताएं बहने अच्छी तरह समझती हैं। इतनी बड़ी संख्या में माताएं बहनें मुझे आशीर्वाद देने आई हैं। यह बिहार की बढ़ती ताकत में उनकी भागीदारी का संकेत है। पहले ना बैंकों में उनका ना खाता होता था, ना कोई घुसने देता था। आपको 10 रुपए भी छुपा कर रखना पड़ता था। इसलिए मोदी ने गरीब के लिए बैंकों के दरवाजे खुलवा दिए और अभियान चलाकर जनधन खाते खुलवाए। इसका सबसे बड़ा लाभ दलित परिवार की महिलाओं को मिला और आज 3.5 करोड़ जनधन खाते हैं। सरकारी योजनाओं का पैसा सीधा इन खातों में जा रहा है। इस प्रकार देखा जा रहा है कि प्रधानमंत्री के बार-बार बिहार दौरे से विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक माहौल भी निरंतर गर्म होता जा रहा है। चूंकि राज्य में मुख्य मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडी महागठबंधन (राजद, कांग्रेस, वाम दल) के बीच है।

## मोनिकाडागा

## आतंकवाद का घिनौना रूप

## कविता



कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?


धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।


कसूरवार हो तुम क्यों ईर्ष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम्‌ को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

# सिंपल साड़ी के साथ कैरी करें गोटा पट्टी वाले ब्लाउज, मिलेगा क्लासी और खूबसूरत लुक

गोटा वर्क ब्लाउज को किस तरह की साड़ी के साथ पहनना चाहिए। यह समझना बेहद जरूरी होता है। इसलिए जरूरी है कि आप गोटा पट्टी वाले ब्लाउज को शिफॉन, जॉर्जेट, सिल्क या नेट वाली साड़ी के साथ पहन सकती हैं। पारंपरिक परिधानों में गोटा पट्टी का काम एक खास चमक और खूबसूरती जोड़ता है। जिस कारण महिलाओं के बीच गोटा वर्क वाले आउटफिट्स की जबरदस्त डिमांड रहती है। वहीं मार्केट में आपको गोटा पट्टी वर्क वाली साड़ियों की भरपूर वेराइटी देखने को मिल जाएगी। लेकिन गोटा पट्टी का यह वर्क अब सिर्फ साड़ियों तक ही सीमित नहीं है। बल्कि आजकल गोटा पट्टी ब्लाउज भी काफी ट्रेंड में हैं। यह ब्लाउज काफी आकर्षक और मनभावन होते हैं कि इनको एक ही नजर में खरीदने का मन करता है। लेकिन गोटा वर्क ब्लाउज को किस तरह की साड़ी के साथ पहनना चाहिए। यह समझना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि कई बार महिलाएं इन ब्लाउज को खरीद तो लेती हैं, लेकिन उनको गलत साड़ी के साथ पहनकर अपना पूरा लुक बिगाड़ लेती हैं। गोटा पट्टी का काम राजस्थानी कला का एक बेहतरीन उदाहरण है। पूरे विश्व में यह एम्ब्रॉयडरी फेमस है। एक छोटा और पतला सा गोटा पूरे ब्लाउज की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है।





**गोटा पट्टी चेक एम्ब्रॉयडरी ब्लाउज डिजाइन:** नेट फैब्रिक में भी अब गोटा वर्क वाली साड़ी आती है। इस तरह की साड़ी के साथ आप गोटा पट्टी चेक एम्-?ब्रॉयडरी ब?लाउज कैरी कर सकती हैं। इन पर सिंपल सोबर गोटे वर्क से चेक डिजाइन काफी अच्छे लगते हैं। सिंपल नेट की साड़ी के साथ इस तरह के ब्लाउज पहनें और हाथों में ढेर सारी मैचिंग चूड़ी पहनें। इससे आपको परफेक्ट एथनिक लुक मिलेगा।

**गोटा पट्टी एम्ब्रॉयडरी ब्लाउज डिजाइन:** यह एम्ब्रॉयडरी बहुत बारीक नहीं होती है, तो आप इसको बोल्ड एम्ब्रॉयडरी कह सकती हैं। लेकिन यह थीम बेस्ड होती है। गोटा पट्टी एम्ब्रॉयडरी में बनी ठनी, श्रीनाद और चारबाग आर्ट के कई नमूने देखने को मिल जाएंगे। आप किसी भी सिंपल शिफॉन साड़ी के साथ यह ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। यह ब्लाउज आपको पार्टी गेटअप देते हैं और कम बजट में एक डिजाइनर फील देने वाला आउटफिट मिल जाता है।

**गोटा पट्टी पाइपिंग ब्लाउज डिजाइन:** गोटा पट्टी पाइपिंग वाले ब्लाउज की खासियत यह है कि इनको छोटे और बड़े ब्रेस-?ट कैसे भी हों आप पहन सकती हैं। आप डुएल रंग के कपड़े को लेकर ब?लाउज तैयार करवा सकती हैं। वैसे तो यह ब्लाउज आपको चोलीकट डिजाइन में बनवाना चाबिए, खासतौर पर अगर ब्रेस्ट का साइज छोटा है। तो इस तरह की डिजाइंस ब्रेस्ट को लिफ्ट करेंगी। वहीं बड़े ब्रेस्ट साइज पर भी फिटिंग अच्छी मिलेगी।

**गोटा पट्टी लाइनिंग ब्लाउज डिजाइन:** बता दें कि वर्टिकल और हॉरीजॉन्टल लाइनिंग वाले गोटा पट्टी वर्क ब्लाउज भी काफी अच्छे दिखते हैं। ऑर्गेंजा साड़ी के साथ आप ऐसे ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज दिखने में क्लासी लगते हैं। ऐसे में आप किसी भी बड़े अवसर या फिर तीज-त्योहार में कैरी करती हैं, तो सभी की नजरें आपके लुक पर टिक कर रह जाएंगी। आप फुल और हाफ दोनों तरह की स्लीव्ज बनवा सकती हैं।


**सिंपल गोटा पट्टी ब्लाउज डिजाइन:** अगर आपकी साड़ी में हैवी गोटा वर्क है, तो आप सिंगल गोटा वर्क वाला ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज आप किसी भी टेलर से सिलवा सकती हैं।

आप सिंपल ब्लाउज में भी स्लीव्ज या फिर बैक में ससोबर गोटा वर्क करा सकती हैं। आप किसी भी सिंपल साड़ी के साथ इस तरह का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

# टाइट पैंटी बन सकती है वजाइनल इंफेक्शन का कारण, जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट

अधिकतर महिलाएं इस बात से अंजान होती हैं, लेकिन अंडरगार्मेंट का सीधा असर वजाइनल हेल्थ पर होता है। जब भी इंटिमेट हेल्थ की बात होती है, तो इंटिमेट हाइजीन के साथ पैंटी से जुड़ी कुछ खास बातों पर ध्यान देने बेहद जरूरी होता है। अगर आप भी अक्सर वजाइनल इंफेक्शन से परेशान रहते हैं और हर कुछ दिनों में वजाइना में जलन और खुजली महसूस होती है। या फिर आप हर कुछ दिनों में यूटीआई का शिकार हो जाती हैं। तो इसकी वजह आपकी पैंटी भी हो सकती है। हालांकि अधिकतर महिलाएं इस बात से अंजान होती हैं, लेकिन अंडरगार्मेंट का सीधा असर वजाइनल हेल्थ पर होता है। जब भी इंटिमेट हेल्थ की बात होती है, तो इंटिमेट हाइजीन के साथ पैंटी से जुड़ी कुछ खास बातों पर ध्यान देने बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वजाइना की हेल्थ को पैंटी किस तरह प्रभावित कर सकती है।

**वजाइनल हेल्थ पर अंडरगार्मेंट्स का असर:** पैंटी वजाइना के संपर्क में सबसे ज्यादा समय तक होती है। ऐसे में पैंटी के कारण भी वजाइना की सेहत प्रभावित हो सकती है। इसलिए रोजाना पैंटी बदलना बेहद जरूरी है। अगर आप एक या दो दिन या फिर उससे ज्यादा दिनों तक एक ही पैंटी पहनी रही हैं, तो इसका सीधा असर वजाइना पर होता है। अगर आपको गर्मी में में अधिक पसीना आ रहा है, या फिर आपको लंबे समय तक धूप में वक्त बिताते हैं, तो दिन में एक से ज्यादा बार पैंटी बदलना सही है। अंडरवियर के साफ न होने या लंबे समय तक इस ही अंडरवियर पहनने की वजह से वजाइना में बैक्टीरिया के पनपने का खतरा अधिक रहता है। कई बार वजाइना से होने वाले डिस्चार्ज या यूरिन की बूंदे पैंटी में रह जाती हैं। ऐसे में पैंटी को बदलने के साथ ही इसको अच्छे से वॉश करना और धूप में सुखाना बेहद जरूरी है। वरना आपको वजाइनल इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। हर एक साल में पुरानी पैंटी को पहनना छोड़ देना चाहिए।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अदालत ने नाबालिग के दुष्कर्मी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 19 हजार रुपये का अर्थदंड व पति-पत्नी को एक-एक वर्ष का कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये अर्थदण्ड की सुनाई सजा

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**सादाबाद।** अवगत कराना है कि दिनांक 17 दिसबंर 2022 को थाना सादाबाद पर वादी द्वारा सूचना दी कि उस रात्रि मे वादी की पुत्री के साथ पडौस के आरोपी ललित उर्फ गुड्डू पुत्र धर्मपाल सिंह ने गलत काम किया तथा अभियुक्त धर्मपाल सिंह व अभियुक्ता चन्द्रवती द्वारा अपने बेटे (ललित उपरोक्त) के साथ मिलकर वादी व वादी के परिवारीजनो के साथ मारपीट भी की ।उक्त घटना के सम्बन्ध मे वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना सादाबाद पर विभिन्न धाराओं सहित पोक्सो एक्ट बनाम अभियुक्त ललित उर्फ गुड्डू पुत्र धर्मपाल सिंह, चन्द्रवती पत्नी धर्मपाल सिंह, धर्मपाल पुत्र गोपीचन्द्र निवासीगण बिसावर थाना सादाबाद जनपद हाथरस के विरूद्ध पंजीकृत किया गया ।विवेचक द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध सूचना के मात्र 25 दिनो के अन्दर गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुये आरोप पत्र संख्या न्यायालय प्रेषित किया गया। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत महिला सम्बन्धी अपराधों व अन्य अपराधों में अभियुक्तो के विरुद्ध अधिकतम व त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में महिला सम्बन्धी अपराधो में अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु शासन के दिशा निदेशों के क्रम में पैरवी हेतु चिन्हित अभियोगों को प्राथमिकता के आधार पर अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल जनपद हाथरस के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई तथा अभियोजन शाखा द्वारा भी प्रभावी पैरवी की गई तथा अभियोग से सम्बन्धित समस्त गवाहो को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराया गया । जिसके परिणामस्वरुप गुरुवार न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/पोक्सो-1 कोर्ट जनपद हाथरस द्वारा अभियुक्त ललित उर्फ गुड्डू उपरोक्त को धारा 323 भादवि के अन्तर्गत एक वर्ष का कठोर कारावास व एक रुपये अर्थदण्ड ,धारा 354(ख) भादवि के अन्तर्गत 5 वर्ष का कठोर कारावास व 3 हजार रुपये अर्थदण्ड ,धारा 6 पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत 20 वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी तथा अभियुक्त धर्मपाल व चन्द्रवती उपरोक्त को धारा 323 भादवि के अन्तर्गत एक-एक वर्ष का कठोर कारावास व एक-एक रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी है।

# रामपुर के साथ ही राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जायेगा फिरोज खां



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** हम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक और राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खां ने मंच के जिलाध्यक्ष रेहान खां के आवास पर बैठक की। बैठक में संगठन का विस्तार करने और जमीनी स्तर पर जनसमस्याओं को उठाने पर चर्चा की गई ।बैठक में बोलते हुए शादाब शफीक खां ने कहा कि मास्टर फिरोज खां के संगठन में सक्रिय होने से हम एकता मंच को मजबूती मिली हैं। मंच सामाजिक सद्भाव, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ जनहित के कार्यो में सक्रिय भूमिका निभायेगा। फिरोज खां ने कहा कि जनता की सेवा करने के लिए मंच आगे बढ़कर काम करेगा। इसके लिए रामपुर के साथ ही राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष रेहान खां एड. ने कहा कि हमारे लिए बहुत खुशी की बात हैं कि फिरोज खां को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया हैं। हम एकता मंच को मजबूत बनाने के लिए पूरी मेनहत से काम करेंगे। शीघ्र ही रामपुर जिला कमेटी का एलान कर दिया जायेगा। बैठक में गुड्डू खां, आदिल मियां, आमिर मसूद खां, नईम खां, फैसल खां, रफी खां आदि मौजूद थे।

# सांसद इकरा हसन पर अभद्र टिप्पणी के आरोपी के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई, डॉक्टर आजम

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के जिलाध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद आजम सैफी ने महिला सांसद इकरा हसन के खिलाफ योगेंद्र राणा की अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की तीखी आलोचना की है।उन्होंने इस बयान को समाज में नफरत फैलाने वाला बताया, जो आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचाता है।

डॉक्टर आजम ने कहा कि एक निर्वाचित महिला सांसद के प्रति ऐसी अशोभनीय भाषा न सिर्फ अस्वीकार्य है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है और समाज में गलत संदेश देती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि योगेंद्र राणा के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे। डॉक्टर आजम ने कहा, भाकियू (लोक शक्ति) महिलाओं की इज्जत और गरिमा की रक्षा के लिए हर मंच पर आवाज उठाएगी। नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर ऐसी मानसिकता का विरोध करने की अपील की।

# उद्योग व्यापार मंडल ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर संदेश कुमार जैन को सौंपा



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** प्रदेश व्यापी अभियान के तहत रामपुर में उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर संदेश कुमार जैन को सौंपा। इससे पहले व्यापारियों ने जीएसटी कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ज्ञापन में कहा गया हैं कि विभाग द्वारा पिछले कुछ माह से व्यापारियों के विरूद्व दमनकारी नीति अपनाते हुए उनके बैंक खातों को सीज किया जा रहा हैं। खातों से धन निकासी भी की जा रहीं हैं। जीएसटी में ईमेल द्वारा नोटिस दी जाती हैं जिससे व्यापारी उनको देख न पाने के कारण व्यापारी ग्रेड-1 के यहां अपील भी नहीं कर पाते हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सर्व के नाम पर व्यापारियों का जीएसटी अधिकारी अनैतिक रूप से उत्पीड़न कर रहे हैं। सचल दल विभाग द्वारा छोटी-छोटी मानवीय भूलवंश ईवे बिल सहित सभी परिपत्र होने के बावजूद गाडियों में पेनाल्टी लगाकर जुमार्ना जमा कराया जा रहा हैं और अपील द्वारा रिफंड किये जाने की बात की जा रहीं हैं जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता हैं और सरकार की छवि धूमिल होती हैं। ज्ञापन में जीएसटी की दरे कम करने व इनकम टैक्स की तरह जीएसटी में भी रिवाइस रिटर्न की सुविधा प्रदान करने की मांग की गई हैं। इस मौके पर शैलेन्द्र शर्मा, शाहिद शमसी, शोएब मो. खान, हारिस शमसी, अवतार सिंह, प्रदीप खंडेलवाल, जगन्नाथ चावला, इमरान सलीम, बिलाल शमसी, शाकेब शमसी, सऊद शमसी, मोहसिन खान, काशिफ खान, अर्शी शमसी, नसीम मियां, फैसल हबीब आदि मौजूद थे।

# जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा का सम्मानित होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** रामपुर जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा का सम्मानित होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संजय कपूर ने सीएमएस को उनके उत्कृष्ट कार्यो को लेकर सम्मानित किया। आज पूर्व विधायक संजय कपूर ने चिकित्सा अधीक्षक डा. देवेन्द्र कुमार वर्मा के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया। पूर्व विधायक द्वारा बताया गया कि वह जिला अस्पताल में हो रहे बेहतरीन कार्यो को सुनकर स्वयं जिला अस्पताल का जायजा लेने आये हैं। उन्होने वार्ड में मिल रहीं सुविधाओं की जानकारी तीमारदारों से ली। पुरानी बिल्डिंग के कायाकल्प को देखकर संजय कपूर बोले पिछले कई सालों से इसका कार्य अधूरा था जो सीएमएस ने पदभार ग्रहण करते ही करा दिया। इस समय जिला अस्पताल में उच्चतम स्तर की सुविधाएं दी जा रहीं हैं। साफ-सफाई में भी कोई समझौता नहीं किया जा रहा हैं। मरीज एवं तीमारदारों के बैठने के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं जिसका पूरा श्रैय सीएमएस डा. डीके वर्मा को ही जाता हैं। उन्होने कहा कि आज से पहले कभी भी जिला अस्पताल में ऐसी सुविधाएं नहीं मिली जो गरीब मरीजों को मिलना चाहिए थी उम्मीद हैं कि सीएमएस जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को भी दूर करेंगे जिससे रामपुर के गंभीर बीमारियों के मरीजों को राहत मिल सकें।

# महिला विशेष सुरक्षा दल जनपद स्तर द्वारा महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा की भावना जागृत करने हेतु किया गया व्यापक प्रचार-प्रसार



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के पर्यवेक्षण में महिला विशेष सुरक्षा दल प्रभारी द्वारा जनपद स्तर टीम के साथ महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम किया गया । जिसके क्रम में विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज, रामनाथ कॉलोनी पर छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, साइबर अपराध, महिला हेल्पलाइन नं-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नं-181, पुलिस आपात कालीन सेवा नं-112, माननीय मुख्यमंत्री, हेल्पलाइन नं-1076, स्वास्थ्य सेवा नं-102, चाइल्ड हेल्पलाइन नं-1098, एम्बुलेंस सेवा नं-108, पोस्को अधिनियम, महिला हेल्प डेक्स, गुड़ टच, बेड टच, एवं ड्रोन के संबंध में भी महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया, तथा अधिक से अधिक लाभन्वित होने के लिए प्रेरित किया गया, महिलाओं के सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया ।बालिकाओं/महिलाओं में जिससे सुरक्षा की भावना विकसित हो के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम चलाया गया ।

# रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्थाओं में बिल्कुल ना हो कमी पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइनरामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह व आरटीसी से जुड़े अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा की एवं उन्हें और अधिक प्रभावशाली, अनुशासित और व्यावहारिक बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये । पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट प्रशिक्षण की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की । प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को ऐसी व्यवस्था प्रदान की जाए जिससे वे न केवल पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करें, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील एवं सजग पुलिसकर्मी के रूप में तैयार हों।

प्रशिक्षण की दोनों विधाओं इंडोरऔर आउटडोर पर समान रूप से बल देने की बात कही गई। इंडोर क्लासेस में विधिक ज्ञान, पुलिस अधिनियम, मानवाधिकार, साइबर अपराध, नैतिकता, महिला एवं बाल सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण इत्यादि के विषयों को बेहतर ढंग से सिखाने पर जोर दिया गया। वहीं, आउटडोर प्रशिक्षण में परेड, ड्रिल, शारीरिक फिटनेस, हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग अभ्यास, दंगा नियंत्रण तकनीक इत्यादि को नियमित और अनुशासित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि रिक्रूटस आरक्षियो को पूर्व में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले पुलिसकर्मियों के अनुभवों को साझा करने हेतु गेस्ट लेक्चर आयोजित किए जाएं। रिक्रूट्स में आत्मबल, राष्ट्रभक्ति और सेवा-भावना को जाग्रत करने के लिए प्रेरणादायक केस स्टडी और डिबेट सत्रों का आयोजन हो तथा बेस्ट परफॉर्मर रिक्रूट्स को पुरस्कृत कर अन्य को प्रेरित किया जाए।

# परिवारिक सदस्य बने युवा छात्र नेता इरफान मलिक, की परीक्षार्थियों के ठहरने व खाने की निशुल्क व्यवस्था

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** 27 जुलाई को समीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश की परीक्षा होने जा रही है। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए युवा छात्र नेता इरफान मलिक ने निशुल्क रहने और खाने की व्यवस्था की जरुरती छात्रों को अलीगढ़ रोड़ पर होटल रिवर व्यू एंड रेस्टोरेंट नियर बाय बीएलएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर सम्पर्क करें। छात्र नेता इरफान मलिक ने जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की परीक्षा होना निश्चित हुआ है जो भी बच्चे अन्य जिलों से हाथरस में परीक्षा देने आ रहे हैं उनके रहने व खाने का कोई भी इंतजाम नहीं है वह परीक्षार्थी हमसे संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क रहने व भोजन की व्यवस्थार होगी।

# लव जिहाद का मामला धर्मान्तरण से जुड़ा होने की आशंका

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

## हिन्दू युवती को बहला–फुसलाकर दुबई ले जाने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में, युवक के मोबाइल से सैकड़ों महिलाओं की संदिग्ध तस्वीरें बरामद

**चांदपुर :** नगर में स्थित शंकर मूर्ति पर गैस चूल्हे की मरम्मत का काम करने वाला एक शादीशुदा मुस्लिम युवक आरिफ एक हिन्दू युवती को बहला- फुसलाकर दुबई ले जाने की साजिश में लिप्त पाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक जैसे ही इस शर्मनाक साजिश की जानकारी युवती के भाई को हुई, तो उसने समाज के जिम्मेदार लोगों को सूचना दी। समाज के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी आरिफ को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने जांच में जब आरोपी का मोबाइल फोन खंगाला, तो सैकड़ों से अधिक महिलाओं एवं लड़कियों की तस्वीरें मिली ।जिनमें कई तस्वीरें छिपकर ली गईं, जैसे सड़क पर चलती महिलाओं की है। तस्वीरों की इस भयावह संख्या ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि इन तस्वीरों का क्या इस्तेमाल होने वाला था। कहीं यह कोई सुनियोजित लव जिहाद, अश्लील सामग्री निर्माण या मानव तस्करी रैकेट तो नहीं ? क्षेत्र में यह मामला बिल्कुल झंगुर बाबा जैसे हालिया मामलों की तरह ही है, जिसने धार्मिक आड़ में नारी शोषण और मानसिक दुराचार को अंजाम दिया था। झंगुर बाबा जैसे पाखंडी पहले ही समाज के लिए कलंक बन चुके हैं और अब आरिफ जैसे लोग भी उसी राह पर चलते नजर आ रहे हैं। देश में इस तरह की गतिविधियाँ तेजी से बढ़ रही हैं और यह समाज, संस्कृति एवं कानून-व्यवस्था तीनों के लिए खतरे की घंटी बतायी जा रही है। क्षेत्रवासियों और गणमान्य नागरिकों ने शासन- प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कराकर कड़ी से कड़ी कार्रवाही की जाये और ऐसे तत्वों को जेल की सलाखों के अन्दर डाला जाये, ताकि कोई भी बहन-बेटी ऐसे षड्यंत्र का शिकार न हो सकें।

# कांवड़ यात्रा में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के लिए डॉ. तरुण राजपूत और उनकी टीम सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभाने वाले माछरा सीएचसी प्रभारी डॉ. तरुण राजपूत एवं उनकी समर्पित टीम को श्री शिव मंदिर ट्रस्ट (रजि.) की ओर से सम्मानित किया गया तथा प्रतीक चिह्न भेंट कर उनकी सेवा भावना के लिए सराहना की गई।इस अवसर पर भाजपा जिला प्रतिनिधि अखिल अग्रवाल, अभय शंकर तथा चिराग गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने टीम की कार्यशैली और सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं कांवड़ यात्रा जैसे बड़े आयोजनों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सम्मानित चिकित्सकों में डॉ. गौरव वशिष्ठ, डॉ. राजन, डॉ. धीरेंद्र, डॉ. मनीषा शर्मा, और डॉ. अशोक भी शामिल रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन के दौरान 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई। यह सम्मान समारोह न केवल चिकित्सकों के मनोबल को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करता है।

# विद्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया




**मथुरा/बलदेव।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक पहल करने के उद्देश्य से विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी नेहा रावत, ब्लॉक प्रमुख बलदेव प्रतीक भरंगर एवं थानाध्यक्ष बलदेव रंजना सचान द्वारा विभिन्न फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विद्यालय परिसर को हरित बनाना था, बल्कि छात्रों, अभिभावकों और स्टाफ में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता भी पैदा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नेहा रावत, ब्लॉक प्रमुख बलदेव प्रतीक भरंगर एवं थानाध्यक्ष बलदेव रंजना सचान द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत बलदेव के अध्यक्ष प्रतीक भरंगर ने कहा कि पौधारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिस प्रकार पर्यावरण असंतुलन और प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, ऐसे में अधिक से अधिक वृक्ष लगाना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। विद्यालयों को ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को प्रकृति से जोड़ने का कार्य करते रहना चाहिए। खंड विकास अधिकारी नेहा रावत ने प्रदूषित पर्यावरण के खतरों से आगाह करते हुए वृक्षारोपण करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र छात्रा को कम से कम एक वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए क्योंकि वृक्षारोपण द्वारा ही प्रदूषित पर्यावरण से समाज को बचाया जा सकता है। आज लोग अपने भौतिक सुख एवं अल्प लाभ के लिए वृक्षों की अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं जिसके भयावह परिणाम हम सबको देखने को मिल रहे हैं। थानाध्यक्ष बलदेव रंजना सचान ने कहा कि विद्यालय में उपस्थित सभी जन आज एक एक पौधा लगाकर उसको पुष्पित व पल्लवित करने का संकल्प अवश्य लें। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जगदीश पाठक ने वृक्षों की रक्षा एवं उनके रख रखाव पर जोर देते हुए कहा कि आज वृक्ष तो काफी लोग लगाते हैं किन्तु बिना किसी संरक्षण के अभाव में सूख जाते हैं अतः आज आवश्यकता है वृक्षों का रख रखाव किया जाए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में लगे नए सीसीटीवी कैमरों का फीता काटकर सामूहिक रूप से उदघाटन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ओम प्रकाश, शिवा उपाध्याय, अनुज उपमन्यु, बिंदू शर्मा, गीता सक्सेना, डॉ ममता रानी, अचल कुमार, प्रेमचंद, आकाश कुमार, पूजा, डॉ जगदीश पाठक आदि की उपस्थिति मुख्य रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जगदीश पाठक द्वारा किया गया।

# अलग-अलग हादसों में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया





**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति दिल्ली से सहारनपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर ट्रैक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। विकासखंड क्षेत्र के गांव लिसाड़ निवासी चिनू पंडित नामक व्यक्ति किसी कार्य से गुरुवार को कस्बे के रेलवे स्टेशन पर आया हुआ था। राहगीरों के अनुसार तभी दिल्ली से सहारनपुर जा रही ट्रेन में चढ़ते समय अचानक से पैर फिसल गया और उक्त व्यक्ति ट्रैक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने मामले की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुसरी और मोहल्ला शेखजादगान निवासी जितेंद्र बाइक पर सरकार होकर किसी कार्य से बागपत जा रहा था तभी एलम के समीप ई रिक्शा की चपेट में आकर घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

# महिला को सांप ने काटा हायर सेंटर रेफर

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी एक वृद्ध महिला को लौकी की बेल में छिपे एक सांप ने काट लिया। परिजनों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी वृद्ध महिला मुकेश पत्नी जयकार अपने घर के आंगन में लगी लौकी की बेल से लौकी तोड़ने के लिए गई थी तभी महिला का कहना है की बेल के नीचे एक सांप बैठा हुआ था और अचानक से हाथ पर काट लिया। सांप के काट लेने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और महिला को उपचार के लिए आनन-फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर दिया है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर वीरेंद्र सिंह का कहना है कि एक महिला को सांप काटने पर अस्पताल में भर्ती कराया था प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है महिला की हालत सामान्य है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना बखिरा का किया आकस्मिक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशिन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना बखिरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर / कार्यालय निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई, पिंक बूथ, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक करने के साथ-साथ कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या/बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए इन्हें अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित साफ-सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से सम्बन्धित लावारिस एवं जब्त वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति अच्छा व्यवहार रखने एवं लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा राकेश कुमार सिंह व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मोबाइल चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल व चाकू बरामद किया है पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। कस्बा निवासी सलीम ने बताया था कि उसने मोहल्ला रायजादगान में हेयर सेलून की दुकान कर रखी है। गत दिवस मंगलवार को किसी व्यक्ति ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया था पीड़ित ने पुलिस से सूचना देकर कार्रवाई की मांग की थी। उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा के अनुसार वह पुलिस टीम के साथ नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक युवक डंगडूगरा पुलिया के समीप खड़ा हुआ है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को पकड़ लिया जिसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल व एक चाकू बरामद हुआ पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रामकुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी मोहल्ला रायजादगान बताया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करते हुए शातिर चोर को जेल भेज दिया है।

# वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही 88 के किए चालान

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के दृष्टिगत गुरुवार को जनपद के विभिन्न स्थानों पर नो हेल्मेट / सीटबेल्ट-नो फ्यूल पॉलसी का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए राजेश राजपूत वरि० सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम दल) एवं सुश्री पूजा सिंह यात्रीकर अधिकारी द्वारा 88 चालान किये गये। साथ ही ए०आर०टी०ओ द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में जनपद मथुरा सड़क दुर्घटनाओं में टाप 10 में है तथा दुर्घटनाओं में मृत्यु दर भी अधिक है, जिसके लिए जनपद के समस्त जनसमुदाय से अपील की जाती है कि बिना हेल्मेट / सीटबेल्ट के दो पहिया / चार पहिया का संचालन किसी भी दशा में न करे। साथ ही समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्देशित किया जाता है कि नो हेल्मेट / सीटबेल्ट-नो फ्यूल का अनिवार्य रूप से पालन करे, बिना हेल्मेट / सीटबेल्ट वाले चालकों को किसी भी दशा में ईंधन न दिया जाये और आपके परिसर में लगे सी०सी०टी०वी० कैमरो को भी प्रत्येक दशा में चालू रखे, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में शासन की मंशा अनुसार अपेक्षित कमी लायी जा सके और अनमोल जीवन को सुरक्षित किया जा सके।

# कुत्ते के काटने से घायल बालक की हालत बिगड़ी

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी एक व्यक्ति के नौ वर्षीय पुत्र की चार माह बाद कुत्ते के काटने से हालत बिगड़ गई परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बालक को दिल्ली के लोकनायक अस्पताल के लिए रेफर किया है। थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी दीपक कि नो वर्षीय पुत्र त्रिदेव गली में खेला था तभी एक आवारा कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर वैक्सीन लगा दी थी। चार माह के बाद फिर से बालक की हालत बिगड़ गई बालक पानी से डरने लगा परिजनों ने आनन-फानन में बालक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में बालक को दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया है। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बालक में एंटी रेबीज के लक्षण पाए गए हैं। परिजनों ने पूर्व में दो वैक्सीन लगवाई थी एक वैक्सीन छूट गई थी। इस कारण लग रहा है कि बालक की हालत बिगड़ी है बालक को प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली अस्पताल भेजा गया है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने दी ग्राम पंचायत लोरिहा पट्टी को विकास कार्यों की सौगात

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ग्रामीण अंचलों में विकास की गंगा बहाने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष ने आज ग्राम पंचायत लोरिहा पट्टी में 10 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें सीसी सड़क निर्माण शामिल है। यह निर्माण कार्य श्रीचौधरी अपनी जिला पंचायत निधि से करवाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता गरीब, किसान और ग्रामीणों का विकास करना है। विकासशील योजनाओं के क्रियान्वयन से पूरे प्रदेश की दशा और दिशा में आमूलचूल परिवर्तन आया है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत लोरिहा पट्टी की सम्मानित सरदारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का फूलमाला, पटुका, स्वाफा और चांदी का मुकुट पहनाकर आत्मीयता और स्नेह दिया। जिपंअ ने सम्मान एवं स्वागत पाकर कहा भव्य स्वागत के लिए समस्त सरदारी का हृदय से बारंबार आभार व्यक्त करता हूँ। आपका यह प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी ऊर्जा है। आप सभी के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी। विकास कार्यों को और तेजी से कर सभी के सम्मान को इसी प्रकार बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीसी सड़क की लागत करीब 10 लाख रुपए है। इस अवसर पर वेद प्रधान, प्रताप सिंह राणा प्रधान, केशव पहलवान एवं सम्मानित सरदारी उपस्थित रहे।

# गोलियो की तडतडाहट से फिर दहला प्रतापगढ़ दो को लगी गोली

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़** । लगता है प्रतापगढ अपनी पुरानी साख अपराधगढ के नाम ? को बचा रहा है और इसीलिए जनपद के तेजतर्रार पुलिस कप्तान को चुनौती दे रहा है कि हमे आपरेशन लगडा या बुलडोजर का कोई खौफ नही । हम तो प्रतापगढ़ के उपनाम अपराधगढ के निवासी है । शायद तभी पट्टी कोतवाली के बाद आज जनपद के रानीगज थाना के जरियारी गाव ने प्रतापगढ़ पुलिस को चुनौती देते हुए दौडकर गोलिया चलायी जिसमें दो महिलाएं गोली लगने से घायल बतायी जा रही है ।

अभी हफ्ता भी न बीता जब प्रतापगढ़ के पट्टी मे रजिस्ट्रार आफिस के बाहर ब्लाक प्रमुख सुशील सिह ने जमीनी विवाद मे दो लोगो को दौडाकर गोली मार दी थी तो अब मे ब्लाक रानीगंज थानान्तर्गत जरियारी गाव जमीनी विवाद मे गोलियो की तडतडाहट से गूज उठा ।सूचनानुसार गोलीबारी मे दो महिलाएं घायल हो गयी है । कोतवाली रानीगंज के जरियारी गांव में मारपीट व गोली बारी का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल। देखे कैसे दबंग प्रतापगढ़ में मनबढ़ हुए है। गोली की तड़तड़ाहट से गांव गूज उठा ।लगता है प्प्रतापगढ़ की पुलिस का अपराधियों के भीतर प कोई भय नहीं है। ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता, जिस दिन प्रतापगढ़ में गंभीर अपराध न कारित हो।

आज फिर एक बार प्रतापगढ़ में गोली चली है। गोली चलने से फिर एक बार दहला प्रतापगढ़ जिला। घटनाओं को देखकर यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि प्रतापगढ़ में अपराधियों के दिलोदिमाग में कानून का कोई खौफ नहीं है। बेल्हा में दिनदहाड़े चली गोली में दो महिला हुई घायल। दो महिलाओं के घायल होने की सूचना से गांव में फैली दहशत ।बीते सोमवार को भी पट्टी इलाके में बैनामा कराने को लेकर रजिस्ट्री दफ्तर में भूस्वामी को पहले अगवा किया गया और बाद में उसे छुड़ाने के विवाद में दो लोगों को गोली ?मार दी गयी थी । जिसमे गोलिया चलाने वालो पर इनाम की घ ?षणा के बाद पाच को गिरफ्तार किया गया था। आज फिर से जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे और कई राउंड गोली। सोशल मीडिया पर मारपीट और गोली चलाने का वीडियो वायरल। रानीगंज के जरियारी गांव में दबंगों ने झोंका फायर। प्रतापगढ़ फिर से अपराधगढ़ बनाता नजर आ रहा है।

# मेरठ रेंज के सभी जनपद मेरठ, बुलंदशहर, बागपत व हापुड़ में कांवड़ यात्रा हुई सकुशल सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर.** मेरठ डीआईजी द्वारा वृहद आयोजन व करोड़ों की भीड़ को सकुशल नियंत्रित कर सुरक्षित यात्रा सम्पन्न कराने पर अधीनस्थ अधि0/कर्म0गण को दी गई शाबाशी।

डीआईजी ने कहा कि _मेरठ पुलिस, हापुड़ पुलिस, बागपत पुलिस एवं बुलंदशहर पुलिस द्वारा मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर , बागपत में पुरा महादेव मंदिर, बुलंदशहर स्थित अंबकेश्वर महादेव मंदिर , तथा हापुड़ स्थित ब्रजघाट व सबली मंदिर आदि पर लाखों की भीड़ को सकुशल नियंत्रित किया गया जिसकी सराहना की जाती है अपने वरिष्ठ अधिकारियों, मीडिया बंधु एवं समाज से जुड़े सभी संभ्रांत पदाधिकारी व व्यक्तियों, मंदिर/शिविर समिति पदाधिकारियों एवं प्रशानिक अधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं*, टीम भावना से पूरा आयोजन संपादित हुआ है। उपरोक्त में सिविल पुलिस के साथ-साथ, सशस्त्र पुलिस, सीएपीएफ, पीएसी, एटीएस टीम, एसटीएफ टीम, एलआईयू, विभिन कांवड़ सैल, होमगार्ड, प्रांतीय रक्षक दल, ग्राम प्रहरी, घुड़सवार पुलिस, जल पुलिस, *फायर सर्विस, यातायात पुलिस, सशस्त्र पुलिस, वायरलेस विभाग, बाढ़ राहत कंपनी* आदि सभी विंग ने कंधे से कंधा मिलाकर उत्कृष्ट समन्वय का प्रदर्शन किया है जो अत्यन्त सराहनीय रहा- कलानिधि नैथानी आईपीएस. हाल ही में वर्ष 2025 की श्रावण कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। इस यात्रा के दौरान करोड़ों की संख्या में शिवभक्तों ने भाग लिया और यह सब पुलिस प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और अधिकारियों/ कर्मचारियों के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रुप से संचालित की गई, यह अधिकारियों की कडी मेहनत समर्पण और कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है। यहां यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि इस वर्ष मेरठ रेन्ज मे:* दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के साथ ही गाजियाबाद हरिद्वार हाईवे एनएच- 58 एवं अन्य सभी प्रमुख हाईवे जैसे एनएच-09 आदि को भी कांवड़ यात्रा के दौरान आम जनता के लिए कभी भी बंद नहीं किया गया । एनएच 58 पर डीजे कंपटीशन नहीं होने दिया गया, जिससे यातायात सुगम रहा एवं हुड़दंग पर लगाम लगी । इंटरनेट पर आधारित आईपी कैमरे एवं ड्रोन कैमरा का भरपूर प्रयोग किया गया ।सोशल मीडिया पर निगरानी हेतु एडवांस्ड सॉफ्टवेयर के प्रयोग किए गए जिससे कहीं पर भी कोई अफवाह एवं अराजकता नहीं फैली । समस्त कांवड़ यात्रा के दौरान रात्रि में विशेष तौर से पुलिस को काफी अलर्ट रखा गया जिसमें समस्त अधिकारी भी स्वयं भ्रमणशील रहे ।रेंज पुलिस का मुरादाबाद रेंज, गढ़वाल रेंज, सहारनपुर रेंज, करनाल रेंज व गाजियाबाद एवं दिल्ली ट्रैफिक पुलिस से बेहतरीन समन्वय रहा।

# श्रीराम कथा के प्रकांड विद्वान थे महंत छविराम दास रामायणी महाराज : श्रीमहंत रामदास महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** ज्ञान गुदड़ी क्षेत्र स्थित जानकी भवन आश्रम में श्रीरामजानकी सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के द्वारा चल रहा अनंतश्री विभूषित महंत छविराम दास रामायणी महाराज का 20वां वार्षिक नवदिवसीय पुण्य स्मृति महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ ।महोत्सव के समापन पर समस्त भक्तों व संतों के द्वारा पूज्य छविराम दास रामायणी महाराज की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक करके वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया ।तत्पश्चात श्रीमहंतों-महामंडलेश्वरों व धमार्चार्यों आदि का सम्मान किया गया ।साथ ही संगीतमय सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया ।इसके अलावा संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते




हुए श्रीनाभापीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि सन्त प्रवर श्रीछविराम दास रामायणी महाराज अनेकानेक सद्गुणों की खान थे ।हम लोग यदि उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन की धारण कर लें, तो निश्चित ही हमारा कल्याण हो जायेगा। चतुःसंप्रदाय के श्रीमहंत बाबा फूलडोल बिहारीदास महाराज एवं जगद्गुरू स्वामी अनंताचार्य महाराज ने कहा कि साकेतवासी श्रीछविराम दास रामायणी महाराज संत समाज की शोभा थे ।गौसेवा, संत सेवा एवं विप्र सेवा उनके जीवन का अभिन्न अंग थी। श्रीजानकी भवन आश्रम के अध्यक्ष श्रीमहंत रामदास महाराज एवं श्रीराम कथा के यशस्वी प्रवक्ता सीताराम दास महाराज ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव श्रीछविराम दास रामायणी महाराज श्रीराम कथा के प्रकांड विद्वान थे ।उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीला भूमि श्रीधाम वृन्दावन में अयोध्या और चित्रकूट धाम का समावेश कर दिया था। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री ने कहा कि संत शिरोमणि श्रीछविराम दास रामायणी महाराज श्रीधाम वृन्दावन के प्राचीन स्वरूप के परिचायक थे। उन्होंने यहां रहकर श्रीराम कथा के माध्यम से असंख्य व्यक्तियों को प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़कर उनका कल्याण किया है। महोत्सव में महामंडलेश्वर स्वामी कुंजबिहारी दास महाराज, श्रीमहंत प्रेमदास महाराज, स्वामी बालमुकुंदाचार्य वेदांती महाराज, महन्त रामकल्याण दास महाराज, महन्त रामसेवक दास रामायणी महाराज, महन्त हरेकृष्ण दास महाराज, स्वामी गोविंदाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानन्द शास्त्री, मुख्य ट्रस्टी राकेश सर्राफ, सुधीर खंडेलवाल, प्रभात खंडेलवाल, टोनी खंडेलवाल, बांके खंडेलवाल, अनिल अग्रवाल, संदीप कुलश्रेष्ठ, राजीव कुलश्रेष्ठ, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकंत शर्मा, शैलेन्द्र शास्त्री, नारायण दास महाराज, जयराम दास महाराज, जितेंद्र शास्त्री आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।संचालन पण्डित वनबिहारी पाठक ने किया।

# महिला की बिजली का करंट लगने से हुई मौत

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर.** अहार क्षेत्र के गांव पौटा में एक महिला की बिजली का करंट लगने से अचानक मौत हो गई, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

गांव पौटा बादशाह पुर में दोपहर के समय मन्जू पत्नी सतेन्द्र उम्र करीब 28 साल अपने घर में पौछा फर्श पर लगा रही थी थोड़ी दूरी पर पंखा चल रहा था। महिला पौछा लगाते लगाते पंखा के पास पहुंच गयी। वह पंखा की डोरी को हटाने लगी तभी कटी हुई डोरी से उसका हाथ लग गया। अचानक करंट लगने से महिला बेहोश हो गई। महिला के चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसी आ गये। खबर सुनकर परिजन आ गये आनन फानन में उसे जहांगीराबाद अस्पताल में इलाज के लिए ले गए वहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर सुनकर उसके मायके वाले भी आ गये। इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मायके वालों ने महिला का पोस्टमार्टम कराने और पुलिस कार्रवाई नहीं करने से मना कर दिया है। महिला के ससुरालियों उसका अंतिम संस्कार करने के लिए मां अवंतिका देवी गंगा घाट पर ले गए हैं। घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लग रहा है।

# समाजसेवी व आरटीआई कार्यकर्ता ने की हिंदू शमशान घाट के पुनरूद्धार की उठाई मांग

वेलकम इंडिया



**कैसरगंज।** तहसील मुख्यालय कैसरगंज स्थित बरखुरद्वारापुर के के राजस्व गाटा संख्या भूखंड संख्या 105 पर दशकों से हिन्दू शमशान घाट दर्ज है, जिस पर स्थानीय गांव के हिंदू समाज के लोग अपने पूर्वजों को अन्त्येष्टि व पंचतत्व में विलीन करने का कार्य दशकों से करते चले आ रहे हैं?, लेकिन विगत कुछ वर्षों से स्थानीय हिंदू शमशान घाट समुदाय विशेष के द्वारा कूट रचित तरीके से धीरे-धीरे अतिक्रमण का शिकार हो रहा है। समुदाय विशेष द्वारा उक्त श्मशान घाट को धीरे-धीरे अपने अतिक्रमण का निशाना बनाया जा रहा है जिस पर समुदाय विशेष के प्रधान की भी चुप्पी व राजस्व कर्मियों की अनदेखी भी लगातार किसी न किसी दबाव में होती रहती है, हाल में ही उक्त शमशान घाट के हरे भरे पेड़ शरारती तत्वों द्वारा काट लिए गए जिसकी सूचना शिकायतकर्ता समाजसेवी व आरटीआई कार्यकर्ता सुनील कुमार पोरवाल द्वारा उप जिलाधिकारी कैसरगंज व सम्बंधित पर विभाग के कर्मचारियों को मौखिक व टेलिफोनिक वार्ता के द्वारा तत्काल उसी समय दी गई, लेकिन न जाने किस दबाव में प्रशासन पूरी तरह मौन रहा। उक्त हिंदू शमशान घाट की अत्यंत दयनीय स्थिति में जाते देखा स्थानीय ग्रामीणों के अनुरोध पर समाजसेवी व आरटीआई कार्यकर्ता सुनील कुमार पोरवाल ने एक शिकायती व अनुरोध पत्र उत्तर प्रदेश शासन मुख्यमंत्री को डाक के माध्यम से ज्ञापित किया है। अपने दिए गए पत्र व सूचना के माध्यम से उन्होंने उक्त शमशान घाट का पुनुरौद्धार कराये जाने, अतिक्रमण खाली कराये जाने, जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यीकरण के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

# प्रेम व वैराग्य की साकार मूर्ति थे स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज : महन्त स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** मोतीझील स्थित अखंडानंद आश्रम (आनंद वृन्दावन) में आश्रम के संस्थापक स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज का 114 वां जन्म महोत्सव आनंद जयंती के रूप में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा एवं गुरु चरण पादुकाओं का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया ।तत्पश्चात संत-विद्वत सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए श्रीउमा शक्ति पीठाधीश्वर दंडीस्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मन, बुद्धि व शरीर की शक्ति की सीमा होती है ।सन्त मातृ हृदय होते हैं ।आनंद वृन्दावन आश्रम की परम्परा विश्व प्रतिष्ठित है ।महाराजश्री के द्वारा रचित साहित्य का अवलोकन करने से उनका परिचय प्राप्त होता है ।शरीर की पूजा इसलिए की जाती है, क्योंकि उसमें



एक महान आत्मा का प्रवेश होता है। आश्रम के अध्यक्ष आचार्य महन्त स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि महाराजश्री प्रेम व वैराग्य की साकार मूर्ति थे ।संन्यास का जीवन दिव्यातिदिव्य है ।महाराजश्री ब्रह्मनिष्ठा के साक्षात प्रतीक हैं ।"पावन प्रसंग" में वर्णित संस्मरणों में महाराजश्री का परिचय प्राप्त होता है ।भौतिक वस्तुओं से सुख की प्राप्ति नहीं होती बल्कि अपने को जान कर ही सुख की प्राप्ति सम्भव है। डॉ. स्वामी गोविंदानंद सरस्वती महाराज व पण्डित राजाराम मिश्र ने कहा कि महापुरुषों की सदकीर्ति सतत सहज प्रवाहमान होती है ।सद्गुरु हमारे दोषों को दूर कर बुद्धि को निर्मल करते हैं ।ऐसा कोई विषय नहीं है जिस पर महाराजश्री ने न लिखा हो। स्वामी रमेशानंद जी सरस्वती महाराज व प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि महाराजश्री साक्षात प्रेम के स्वरूप थे। उनकी दृष्टि में सभी समान थे। भक्ति वेदांत की व्याख्या उन्होंने बड़े ही सहज रूप में की है। कार्यक्रम में स्वामी शिवस्वरूप महाराज, स्वामी महेशानंद सरस्वती महाराज, स्वामी प्रेमानंद सरस्वती, स्वामी विश्वात्मानंद, रामचेतन महाराज, वासुदेव दास महाराज, हरिदास महाराज, आचार्य अखिलेश शास्त्री, सुरेन्द्र भाई शाह, चिराग भाई शाह, सपना शाह, हेमंत सेठी, उड़िया बाबा आश्रम के प्रबंधक आचार्य कुलदीप दुबे, हरीश अग्रवाल, अखंडानंद आश्रम के प्रबंधक विजय द्विवेदी, आचार्य मनोज शुक्ला, डॉ. राधाकांत शर्मा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।संचालन संत सेवानंद ब्रह्मचारी महाराज ने किया। महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ। जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# विधान सभा 288 के विभिन्न शक्ति केंद्रो पर जनसम्पर्क अभियान



वेलकम इंडिया

**कैसरगंज।** 288 विधानसभा कैसरगंज के मंडल कैसरगंज के शक्ति केंद्र गोड़हिया मंगल मेला, तीन सौ रेती, मैं जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज 288 विधानसभा संयोजक एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव वर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष सुबेद वर्मा जिला प्रतिनिधि भाजपा शिव सहाय सिंह मंडल अध्यक्ष कैसरगंज शिवानंद सिंह ने कई गांवों में जनसंपर्क करके जनता जनार्दन की जन समस्याओं को सुनते हुए जन समस्या के निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की इस कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक कुर्मेश पाठक, गजेंद्र सिंह (गोड़हिया) हिमांशु मिश्रा, मंडल महामंत्री बृजेश सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गंण तथा वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# गुरु सीखी समारोह में साधू संन्यासियों को भोजन कराया और उन्हे दक्षिणा और वस्त्र देकर सम्मानित किया गया



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा खड़क सिंह गुरुद्वारे में गुरु सीखी समारोह में साधू संन्यासियों को भोजन कराया और उन्हे दक्षिणा और वस्त्र देकर सम्मानित किया गया है ।आज सुबह से ही सिख समुदाय के श्रद्धालु पंजाब, दिल्ली उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से आने शुरू हो गये थे। उन्होंने बाबा खड़क सिंह जी के दरबार में मत्था टेका और मनौती मांगी। गुरुद्वारा कमेटी के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। इस बार गत जून में मेले लगा था और समापन 16 जून को समापन हुआ था। बताया जाता है कि समापन के 40 वें दिन गुरुद्वारे में गुरु सीखी समारोह आयोजित करने की परम्परा चली आ रही है ।इसी के तहत भंडारे में आसपास के आश्रमों के साधू संन्यासी शामिल हुए। विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर सिख समुदाय के सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही। दोपहर बाद सिख श्रद्धालु बाबा खड़क सिंह जी गुरुद्वारे में मत्था टेका और प्रसाद लेकर अपने अपने घर के लिए प्रस्थान कर गए।

# कोतवाली नगर पुलिस ने चार शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर चार शातिर चोरो राकेश वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा निवासी स्याना अड्डा चौराहा निकट मनसादेवी मन्दिर थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर, व सत्यम वर्मा पुत्र अशोक वर्मा निवासी आवास विकास द्वितीय थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। हाल पता– चामुण्डा मन्दिर के पास अनूपशहर अड्डा जनपद बुलन्दशहर।, व शिवम वर्मा पुत्र अशोक वर्मा निवासी आवास विकास द्वितीय थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। हाल पता– चामुण्डा मन्दिर के पास अनूपशहर अड्डा जनपद बुलन्दशहर, व अमित वर्मा पुत्र दीपक वर्मा निवासी सुनारों वाली गली शिव मन्दिर के पास डिप्टीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर को मेरठ बस अड्डे के सामने ठेके के पास से चोरी किये आभूषणों को बेचकर प्राप्त किये गये एक लाख चालीस हजार एक सौ रुपए, अवैध असलहा कारतूस व अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया।

# पूर्व सैनिक प्रतिनिधि मंडल ने की रक्षा समिति सदस्य सांसद विटारियो फर्नांडीज से मुलाकात

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के पूर्व सैनिक प्रतिनिधि मंडल द्वारा भारतीय पूव? सैनिक संघ उ प्र के संयुक्त सचिव वारंट आफिसर मनबीर सिंह के नेतृत्व में दिल्ली में रक्षा समिति के सदस्य व गोवा दक्षिण से सांसद विटारियो फर्नांडीज से दिल्ली में वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी में मुलाकात कर हापुड़ के पूर्व सैनिकों की चिकित्सा सम्बंधि मुख्य समस्या ई सी एच एस पोलीक्लीनिक की स्थापना के विषय में अवगत कराकर अनुरोध किया कि वह यह विषय रक्षा समिति की मीटिंग में उठायें। साथ ही सांसद को जनपद के वीर बलिदानियो को सर्मपित स्मारिका शहीद शौर्यगाथा की प्रति भी भेंट की। वारंट आफिसर मनबीर सिंह ने बताया कि जनपद हापुड़ में लगभग छः हजार पूव? सैनिक व उनके परिवार



निवास करते हैं परंतु जनपद में ई सी एच एस की पोलिक्लीनिक न होने के कारण उन्हें साठ किलोमीटर दूर मेरठ जाना पड़ता है जिससे उन्हें शारीरिक, मानसिक परेशानी के साथ ही आर्थिक नुकसान होता है, जबकि पास ही नोएडा में चार व मेरठ में दो पोलिक्लीनिक है। जनपद हापुड़ में पोलिक्लीनिक की स्थापना न होना पूव? सैनिकों के साथ अन्याय है ।सांसद के द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि हापुड़ के पूर्व सैनिकों की मांग जायज है वह पोलिक्लीनिक स्थापना के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे ।इस अवसर पर मेजर हिमांशु (अ०प्रा०) वारंट आफिसर चौधरी मनबीर सिंह, जिलाध्यक्ष पूव? सैनिक संघ कैप्टन राजेश चौधरी, जिलाध्यक्ष ए ई डी सी हवलदार शाहिद अली, मीडिया प्रभारी वेटरन आदिल चौधरी लोग उपस्थित रहे।

# 50 वर्षीय ग्रामीण के साथ हुए कुकर्म के बाद वायरल किया वीडियो, गांव वालों के तानों से आहत पीड़ित ने जहर खाकर की आत्महत्या

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव में 50 वर्षीय ग्रामीण के साथ हुए कुकर्म और फिर उस घटना के वीडियो के वायरल होने से पीड़ित ने आत्मसम्मान को ठेस पहुंचने पर आत्महत्या कर ली। लगातार सामाजिक अपमान और तानों से टूट चुके व्यक्ति ने खेत में जाकर जहर खा लिया था। मंगलवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच के अनुसार, यह शर्मनाक घटना 7 जुलाई को बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। गांव के ही एक युवक ने पहले 50 वर्षीय ग्रामीण को शराब पिलाई और फिर उसके साथ कुकर्म किया। यही नहीं, उसने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद गांव में पीड़ित का मजाक उड़ाया जाने लगा। समाज के तानों और उपेक्षा ने उसकी



मानसिक स्थिति को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया। पीड़ित ने 12 जुलाई को थाने में जाकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने 13 जुलाई को एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हालांकि, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भी गांव में लोग पीड़ित का मजाक बनाते रहे। बार-बार हो रहे अपमान और मानसिक पीड़ा ने उसे अंदर से तोड़ दिया। 17 जुलाई को पीड़ित ने अपने खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जब परिजनों ने उसे खेत में बेहोश पाया तो उसे तुरंत बिल्सी अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर 19 जुलाई को उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच दिनों तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ने के बाद मंगलवार देर रात उसकी मौत हो गई।

# मितौली उप जिलाधिकारी की गुड कार्यशैली, जनता का बढ़ा विश्वास

वेलकम इंडिया

मितौली खीरी उप जिला अधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपने दायित्व के प्रति सक्रिय नजर आए। उनकी कार्य शैली को देखकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने पदभार ग्रहण करने के बाद निरीक्षण शुरू कर दिया। नए एसडीम ने साधन सहकारी समिति बभौना मितौली का निरीक्षण किया। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, खामियां मिलने पर फटकार लगाई। एसडीएम ने स्टॉक रजिस्टर को देखा केंद्र प्रभारी से खाद की कमी व वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी



ली। खाद लेने आए किसानों ने मौके पर एसडीएम के सापेक्ष खाद उपलब्ध कराने की मांग की। एसडीएम ने सचिव को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए। किसानों को टोकन देकर खाद का वितरण करें किसानों को परेशानी न होने दी जाए। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र में व्यवस्था सुधारने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए हैं। सरकारी योजनाओं को समय पर लागू करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की सक्रियता से अब समस्याओं का निस्तारण तेजी से होगा।

# किसान की हृदय गति रुकने से मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** गांव नगला जोरवल गढ़सौली के किसान पप्पू तोमर उम्र 50 की बुधवार रात अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई, जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया, और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पप्पू तोमर मिलनसार, बेहद परिश्रमी किसान के साथ सामाजिक स्तर पर भाईचारे के लिए जाने जाते थे। बुधवार को ही गांव में स्वर्गीय माना के ब्रह्मभोज भी थे जिसको स्थगत कर दिया गया। बताया गया है कि रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें आगरा ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। मौत का कारण हृदयुगति बताया गया है। भाकियू चढ़ूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, डा रमेश चंद्र सिकरवार,



कुशलपाल सिंह, भजनलाल तोमर, प्रहलाद सिंह, पत्तो, महाराज सिंह, विनोद तोमर, विक्रम, हरिपाल, दीपक सोनवीर सिंह, उदयवीर सिंह तोमर, बीरबल, बच्चू सिंह, पूरन सिंह, गुड्डू सरपंच, मोहन सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए: डीएम

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु, व्यापार बंधु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने इकाइयों/व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने/कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराए जाने, पार्किंग व्यवस्था, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्राप्त कराए जाने, विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों से संबंधित अन्य सभी प्रकरणों पर भी चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरान्त निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित समय के उपरांत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा की गई तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निवेशकों द्वारा किए गए एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से कठिनाई से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं उसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों/व्यापारियों को श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, एलडीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

# बरेली की फरजाना ने देवर के इश्क में पति को उतारा मौत के घाट

**बरेली।** बरेली की रहने वाली फरजाना खान ने अपने चचेरे देवर के इश्क में अपने पति मोहम्मद शाहिद उर्फ इरफान की निर्मम हत्या कर दी। यही नही इस हत्या के बाद इस हत्या को आत्महत्या का रूप देने की भी कोशिश की गई थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल फोन की डिजिटल हिस्ट्री ने पूरा राज खोल कर रख दिया। हत्या का यह सनसनीखेज मामला बाहरी दिल्ली के निहाल विहार थाना क्षेत्र का है। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने फरजाना को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि फरजाना ने गूगल और यूट्यूब पर ₹कैसे करें मर्डर₹ जैसे वीडियो और जानकारी खोजी थी। उसके बाद उसने शाहिद को पहले नशीली दवा खिलाई और फिर पेट में तीन बार चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद परिजनों को बताया गया कि शाहिद ने कर्जे से परेशान होकर आत्महत्या की है। रविवार शाम करीब 4:15 बजे संजय गांधी अस्पताल से पुलिस को युवक की मौत की सूचना मिली थी।

# योगी जी को कोटिश: साधुवाद पर क्या कर रहा हिन्दुवाद - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

वेलकम इंडिया



साधुवाद है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पूजनीय योगी आदित्यनाथ महाराज को जो महिलाओं की सुरक्षा हेतु इस तरह के इस्लामिक गृह युद्ध पर विशेष टीम गठित करके कार्यवाही करने का दृढ संकल्प धारण किये हुए हैं अन्यथा जिहाद का तंत्र इतना मजबूत है कि नेता हो या अभिनेता सब इसके समक्ष दंडवत हैं। हिंदुत्व की राजनीति सब करना चाहते हैं पर संध्या में मित्रता इस्लामिक समाज के यहां ही निभाते हैं। हिन्दू परिवारों की जानकारी इसी मित्रता के दम पर जिहादी आसानी से पा जाते हैं।

धर्मांतरण जिहाद हो, लव जिहाद हो, जमीन जिहाद हो, रेल जिहाद हो, मेडिकल जिहाद हो इन सबसे किसी भी उस राजनेता को समस्या नहीं जिसको मुसलमानो का वोट चाहिए आप सोचिए प्रतिदिन लोग पकडे जा रहे हैं प्रमाण मिल रहे हैं आरोपियों का स्पष्ट कहना है की उन्हें गजवा ए हिन्द करना है लेकिन इस्लाम से संबंध होने के कारण एक शब्द उनके विरुद्ध कोई भी सेकुलरवादी नहीं बोल रहा है। जिन मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं तक का प्रवेश वर्जित है उनमे सनातन में जन्म लेने वाली प्रतिष्ठित महिलाएं जा रही हैं जबकि इस्लामिक मौलाना कह रहे हैं की ये इस्लाम के विरुद्ध है महिला को मस्जिद में नहीं जाना चाहिए और महिलाओं को इस्लामिक बुर्का धारण करना चाहिए आखिर ऐसी भी क्या राजनीतिक मजबूरी है कि हम अपने सनातनी गौरव का त्याग कर दें। बात रही शिक्षा की तो गाजियाबाद के एक वरिष्ठ पुलिसकर्मी जो इस्लामिक समाज से हैं उन तक की संलिप्तता धर्मांतरण गिरोह में पायी गयी है सोचिये न जाने ऐसे कितने प्रकरण और अपहरण होते होंगे जिनके मुकदमे सिर्फ इसलिए नहीं लिखे जाते होंगे क्यूंकि गुम होने वाली स्त्री हिन्दू और शिकायत दर्ज करने वाला अधिकारी मुस्लिम समाज से है। कल्पना कीजिए क्या हिन्दुओ ने कभी ऐसे प्रयास किये जैसे इस्लामिक संगठन कर रहे हैं यदि इस्लामिक समाज की इस सोच को बाधित नहीं किया गया तो भारत का भविष्य क्या होगा।

# जिला स्तरीय खाद्य सलाहकार समिति की त्रैमासिक एवं सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी द्वारा खाद्य एव रसद विभाग से सम्बन्धित जिला स्तरीय खाद्य सलाहकार समिति की त्रैमासिक एवं सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था की समीक्षा हेतु मासिक बैठक करते हुए समीक्षा की गयी। बैठक का सयोजन जिला पूर्ति अधिकारी, बुलन्दशहर द्वारा किया गया एवं विभाग से सम्बन्धित प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। जिसके अन्तर्गत राशनकार्ड की स्थिति, खाद्यान्न वितरण, आधार सीडिंग, जीरो पॉवर्टी के अन्तर्गत राशनकार्ड वितरण, समस्त यूनिट का ई०के०वाई०सी०, प्रवर्तन, निलम्बित एवं निरस्त उचित दर की दुकानों का व्यवस्थापन एवं सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था का विवरण एवं प्रगति प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 494 यूनिट की आण्धार सीडिंग अवशेष है, जिसके लिये जिलाधिकीरम द्वारा उसे एक माह शतप्रतिशत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 86.03 प्रतिशत लाभार्थियों की ई०के०वाई०सी करायी जा चुकी हैं एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत विशेष अभियान चला कर शतप्रतिशत ई०के० वाई०सी०पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रवर्तन के सम्बन्ध में यह भी बताया गया कि विगत एक वर्ष में 12 एफ०आई०आर दर्ज करायी जा चुकी, 18 उचित दर की दुकानों के अनुबन्ध पत्र निलम्बित किये गये एवं 31 दुकानों के अनुबन्ध पत्र निरस्त किये गये एवं दण्डस्वरूप 143000 की प्रतिभूति धनराशि के शासन के पक्ष में जब्त की गयी है। रिक्त उचित दर की दुकानों के सम्बन्ध में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 34 उचित दर की दुकानें निरस्त एवं 11 उचित दर की दुकानें निलम्बित हैं।

# महाराणा प्रताप सिंह के द्वार और उनके चेतक घोड़े के निर्माण में उदासीनता

वेलकम इंडिया



**पयागपुर/ बहराइच।** बहराइच जिले के खुटेहना-हुजूरपुर मार्ग पर स्थित महाराणा प्रताप सिंह द्वार पर लगी प्रतिमा और उनके घोड़े चेतक के निर्माण के साथ इस तरह उदासीनता दिखाई गई है और उसके वास्तविक आकार को पूरा ना करके उसे छोटा कर दिया गया है जबकि इसके लिए 2019-20 में विधायक निधि से पैसा आवंटित हो गया था। महाराणा प्रताप सिंह द्वार पर लगी महाराणा प्रताप और चेतक की प्रतिमा के निर्माण कार्य को आधा अधूरा आधार में पड़ा हुआ देखकर क्षेत्र वासियों ने काफी प्रयास किया तो चेतक और महाराणा प्रताप की प्रतिमा को बिल्कुल छोटा सा करके एक फिट का स्वरूप दे दिया गया जिससे यह मालूम होता है कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा और चेतक के साथ खिलवाड़ किया गया है। इस घटना ने क्षत्रिय समाज और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में गहरा रोष पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों में जिनमें निर्भय सिंह, पंडित विनय कुमार मिश्रा, विजयपाल सिंह, सूरज सिंह, प्रदीप सिंह और आनंद सिंह प्रमुख ने बताया कि विधायक निधि से वर्ष 2019-20 में 22,52,320 की लागत से इस द्वार का निर्माण प्रस्तावित था। कार्यदायी संस्था (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग बहराइच) पर आरोप है कि उसने महाराणा प्रताप की प्रतिमा को आधा-अधूरा छोड़कर खिलवाड़ किया। स्थानीय लोगों के अथक प्रयासों के बाद ही महाराणा प्रताप सिंह द्वार पर बनी प्रतिमा और चेतक को दोबारा से एक फीट का स्वरूप दे दिया गया, जो अब पूरे समाज में चर्चा का विषय बन गया है। वहीं परशुराम द्वार पर भी प्रतिमा न लगने से लोगों का नाराजगी का मामला खत्म नहीं होता हुआ दिखाई पड़ रहा है जबकि इसे बने हुए लगभग तीन साल पूरे हो चुके हैं। इस अनदेखी ने भी स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ा दी है। खुटेहना के आसपास रहने वाले लोगों ने पुरजोर मांग की है कि महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा और चेतक के स्वरूप को उचित सम्मान दिया जाए और इसके आकार को बढ़ाया जाए। पंडित विनय मिश्रा ने भी भगवान परशुराम की प्रतिमा को जल्द से जल्द परशुराम द्वार पर स्थापित करने की मांग की है। इससे यह विद्युत होता है कि स्थानीय समुदायों के लोगों में अपने महापुरुषों के सम्मान और उनकी पहचान के प्रति बहुत बड़ा मान सम्मान है। प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह इस मामले पर संज्ञान ले और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करके महाराणा प्रताप की मूर्ति और चेतक को उचित आकार दिया जाए।

# सऊदी अरब में रह रही महिला का फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर रिश्तेदारों को भेजीं आपत्तिजनक फोटो

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक महिला की छवि बिगाड़ने और उसके नाम से फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में पीड़िता मूल रूप से बरेली की रहने वाली है और वर्तमान में अपने पति के साथ सऊदी अरब में रहती है। आरोप है कि शाहजहांपुर निवासी युवक ने उसकी फर्जी आईडी बनाकर बदनाम करने की साजिश रची और पीड़िता के पति से तीन लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। बारादरी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के भाई ने बताया है कि उनकी बहन का निकाह दो वर्ष पहले हुआ था और वह सऊदी में अपने पति के साथ रह रही है। इसी दौरान शाहजहांपुर का रहने वाला अजहर खान उर्फ अज्जू अपने साथी इमरान के साथ मिलकर उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। दोनों आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल और मैसेज भेजते रहते हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पीड़िता की तस्वीरों को एआई की मदद से एडिट कर अश्लील बना दिया और उसे इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट से रिश्तेदारों को भेज दिया। इसके अलावा आरोपियों ने पीड़िता के पति को भी इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर तीन लाख रुपये की डिमांड की। रंगदारी न देने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी गई। जब महिला को यह जानकारी मिली तो उसने परिजनों को बताया, जिसके बाद उसके भाई ने बारादरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला साइबर क्राइम, आईटी एक्ट और रंगदारी की धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# जयंती पर याद किए गए अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद व लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

वेलकम इंडिया



**डिबाई, (बुलंदशहर):** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के पार्क पर उनकी तथा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई ! जिसका आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद ₹सेवा₹ शाखा-डिबाई एवं बुलंद जागरूक मंच जनपद-बुलन्दशहर की ओर से कराया गया। कार्यक्रम से पूर्व चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा एवं बाल गंगाधर तिलक के चित्र को गाय के दूध एवं गंगाजल से स्नान कराया गया। श्रद्धांजलि समारोह में पधारे विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम दोनों महापुरषों को नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात अपने विस्तृत वक्तव्य में उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सपूतों की वजह से हमें आजादी मिली है। नगर पालिकाध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल सहित उपस्थित कई वक्ताओं ने इन दोनों महान विभूतियों के देश के लिए समर्पित जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान डिबाई ब्लाक प्रमुख पति अनार सिंह, भाजपा महिला प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंद्रप्रभा वार्ष्णेय, जिला भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष मलखान सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय, एडवोकेट उपेन्द्र कुमार सिन्हा,भोला भैया, उमेश वार्ष्णेय, शशांक मित्तल, सभासद गोपाल बाबू, उद्योग व्यापार मंडल से धीरज वार्ष्णेय, कुमुद किशोर 'भारतीय', लखन कश्यप सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे। सभा स्थल को सुंदर तिरंगे रंग के गुब्बारों एवं फूलमालाओं से सजाया गया।

# सोनू साहू को मिला राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन दिल्ली में महत्वपूर्ण दायित्व

वेलकम इंडिया



**झांसी:** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय और कर्मठ समाजसेवी सोनू साहू, निवासी अंदर बड़ा गांव गेट, झांसी, को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन, दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य का मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन उनके समाज हित में किए गए कार्यों, सरल और मिलनसार स्वभाव, संगठनात्मक अनुभव और समाज के प्रति निष्ठा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अशोक नोखेलाल साहू द्वारा यह मनोनयन पत्र सौंपा गया। संगठन ने सोनू साहू को इस दायित्व के लिए द्वितीय कार्यकाल हेतु चुना है, जो उनके लगातार किए जा रहे समाजसेवी प्रयासों का प्रमाण है। इस अवसर पर श्री अशोक साहू ने कहा कि, हमें गर्व है कि सोनू साहू जैसे युवा संगठन में कार्य कर रहे हैं, जो समाज के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित हैं। हमें विश्वास है कि वे अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से समाज और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समाज के अन्य लोगों ने सोनू साहू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नवनियुक्त छात्र परिषद व स्कूल सदन के पदाधिकारियों ने ली शपथ



वेलकम इंडिया

**झांसी!** मॉडर्न पब्लिक स्कूल कानपुर रोड,झाँसी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही भव्यता, उल्लास एवं उत्साह के साथ भारतीय परंपरा के अनुसार गरिमामय तरीके से मनाया गया अतिथियों ने नवनियुक्त छात्र परिषद व स्कूल सदन के पदाधिकारियों को बैज लगाकर एवं शैशे पहनाकर सम्मानित किया विद्यार्थी परिषद का मार्च ड्रम बीट्स के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना गीत के साथ हुई जिसके बाद प्रभु के शब्द बोले गए। इस अवसर पर मॉडर्न गुप ऑफ इंस्टीट्युशनस के चेयरमेन डॉ॰ रोहिन विश्वनाथन एवम प्रधानाचार्या मॉडर्न पब्लिक स्कूल श्रीमती रत्ना विश्वनाथन जी के द्वारा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र परिषद की शपथ दिलाने के साथ राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहने एवं पूर्ण निष्ठा के साथ भारत के विकास में कार्य करने की शपथ दिलाई।

# बरेली में भीम आर्मी का एसएसपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक वर्ग पर हो रहे लगातार उत्पीड़न और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के सैकड़ों कार्यकताओं ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव विकास बाबू एडवोकेट के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों ने पुलिस की भूमिका पर गंभीर आरोप लगाए और न्याय की गुहार लगाई। इस मौके पर विकास बाबू एडवोकेट ने कहा कि, जनपद बरेली में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन मामलों में थानों पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती, उल्टा पीड़ितों को थानों से भगा दिया जाता है। अपराधियों से मिलीभगत कर पुलिस जानबूझकर मामले दबा रही है। यह अन्याय अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी ने कुछ प्रमुख मामलों को ज्ञापन में शामिल किया। जिनमें थाना बारादरी के ग्राम दावरपुर निवासी 13 वर्षीय दलित नाबालिग बालक अर्जुन दयाल को गांव के दबंग द्वारा पिछले 40 दिनों से लापता कर दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट 137(2) भा.दं.सं. के तहत दर्ज है लेकिन अब तक बालक बरामद नहीं हुआ है। दूसरा मामला थाना सीबीगंज के ग्राम जोहरपुर का है जहां एक बुजुर्ग हरनाम लाल को दबंगों द्वारा बुरी तरह पीटा गया जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। 23 जुलाई को भीम आर्मी द्वारा एसएसपी से शिकायत के बावजूद अब तक इस मामले में हल्की धाराओं में केस दर्ज कर खानापूरी की गई है। वहीं अगला मामला थाना नवाबगंज के ग्राम ठिरिया सैंदूर का है जिसमें एक छात्रा आफरीन अंसारी पर झूठा आरोप लगाकर उसे मानसिक प्रताड़ना देकर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सिर्फ एफआईआर दर्ज करके खानापूर्ति की गई, परंतु आरोपी के सांसद के रिश्तेदार होने के कारण पुलिस अपराधी ग्राम सचिव भगवत शरण और उसके साथियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है, इसके साथ थाना सुभाषनगर के अंतर्गत एक दलित नाबालिग बच्ची का अपरहण कर आरोपी फरार है, लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा बच्ची की बरामदगी तक नहीं की है।

# महर्षि सभागार के लिए राज्य सरकार ने 96 लाख की धनराशि स्वीकृत की

वेलकम इंडिया



**डिबाई,(बुलंदशहर):** महर्षि दयानंद स्मारक कर्णवास पर विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी के प्रयासों से पर्यटन विभाग से एक महर्षि सभागार के लिए राज्य सरकार ने 96 लाख की धनराशि स्वीकृत की है जिसका आज विधायक के कर कमलों से आधार शिला की 5 ईंट रखकर कार्य की शरुआत हुई। पहले यज्ञ हुआ। वेद मंत्रो का उच्चारण हुआ इसके साथ अर्थॉरिटी हुआ। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व खुर्जा, जहांगीराबाद, अनूपशहर नोएडा से आर्य जगत के कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने पूरी कार्य योजना को बताया। उनके प्रयासों से जितने कार्य किये जा रहे है उनकी जानकारी दी। वक्ताओं में केपी सिंह, सीपी अग्रवाल,एसपी सिंह, कैलाश पवार,आदि रहे। संचालन संरक्षक आचार्य गजेंद्र सिंह ने किया। प्रधान गजराज सिंह मंत्री सुरेश आर्य ने धन्यवाद दिया। उ,प, प्रोजेक्ट कारपोरेशन के इंजीनियर पीयूष कुमार ने बताया कि यह कार्य 4 माह में पूरा होगा। महर्षि दयानंद द्वार विधायक निधि से बनेगा। आशा है कि इससे पर्यटन में सुधार होगा। कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश बजाज,मुन्ना बाबू,उदयवीर सिंह,गोपाल सिंह,यादराम सिंह भू प्रकाश बजाज,मवासी सिंह,सुभाष आर्य, मुकेश आर्य आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अमृतानंद स्वामी ने की।

# प्रदेश सरकार ने दी डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय को दी हरी झंडी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ट्रस्ट के तत्वावधान में गाजियाबाद के मोदीनगर में डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान कर दी गई है। डॉ डीके मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

बुधवार 23 जुलाई को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो (डॉ) डीके मोदी को विश्वविद्यालय का संचालन प्राधिकार पत्र सौंपा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की औपचारिक घोषणा उत्तर प्रदेश सरकार के असाधारण अध्यादेश मुद्रण संख्या 94/79-वि-1-2025-2-क-8-2025 दिनांक 11 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 8 सन 2025) के नाम में की गई है। यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के शैक्षिक विकास में एक महत्वपूर्ण मिल का पत्थर एवं उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की पुष्टि करता है। डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ डीके मोदी ने विश्वविद्यालय के संचालन की अनुमति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में विविध शैक्षणिक कार्यक्रम 2025-26 से प्रारंभ करेगा। जो प्रतिष्ठित संकाय, आधुनिक सुविधाओं और अनुसंधान एवं नवाचार पर केंद्रित होंगे। डॉ मोदी ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य प्रतिभाओं को पोषित करना और छात्रों को उनके चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पदेन कुलपति प्रो डॉ पीएन ऋषिकेशा, संजय गुप्ता (ट्रस्टी), अतुल सिंह, कैप्टेन राजीव सक्सेना, यूएन मिश्रा, मेघराज शर्मा एवं विभिन्न संस्थानों के निदेशक/प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहकर विश्वविद्यालय के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।



# बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ इश वंदना के साथ किया गया ।कार्यक्रम का संचालन किया बी. ए. छात्रा ईशा झा व महक ने तत्पश्चात छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया! छात्राओं ने रैंप वॉक से दर्शकों को रोमांचित किया ।मिस गिन्नी बनीं ईशा झा! प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा ने सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री शिवानी शर्मा व समस्त शिक्षिकाओं ने अपना योगदान दिया।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा एक साजिश का परिणाम - ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा न केवल लोकतंत्र के स्तंभों पर सीधा हमला है। बल्कि यह एक गंभीर साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। यह इस्तीफा दिखता है कि केंद्र सरकार अब लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता से भी डरने लगी है । श्री धनखड़ जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस्तीफा के लिए मजबूर किया जाना लोकतंत्र का अपमान है। यह वही सरकार है जो पंचायत से लेकर संसद तक हर जगह मन की बात थोपना चाहती है। पर जनता की बात सुनने को तैयार नहीं । उन्होंने इस घटनाक्रम को एक पूर्ण नियोजित राजनीतिक षड्यंत्र बताया और मांग की है कि इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ब्रजवीर दहिया ने यह भी कहा कि अब पंचायत चुप नहीं रहेंगी दिल्ली तक आवाज गूंजेगी। उन्होंने यह ऐलान किया कि संगठन जल्दी एक राष्ट्रव्यापी पंचायत जागरूकता यात्रा शुरू करेगा ।जिसमें लोकतंत्र के खिलाफ हो रही हर साजिश का विरोध किया जाएगा और पंचायत के अधिकारों को लेकर जन जागरण किया जाएगा।

# आर.के.जी.आई.टी. में 21 दिवसीय समर कैंप का समापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** आर.के.जी.आई.टी. के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित तीन सप्ताह चले समर कैंप का समापन गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कैंप में उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली-एनसीआर के कुल 42 इंजीनियरिंग कॉलेजों से 173 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेट कैंप सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शांतु पुरकैत द्वारा छात्रों को नेटवर्किंग, वेब डेवलपमेंट, एथिकल हैकिंग तथा एंड्रॉयड के साथ कोर जावा पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंघल ने समर कैंप के सफल आयोजन हेतु सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समर कैंप में भाग लेने वाले छात्रों ने प्रशिक्षण सत्रों की सराहना करते हुए आर.के.जी.आई.टी. प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस कैंप से उन्हें न केवल तकनीकी ज्ञान मिला है, बल्कि इससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले प्लेसमेंट प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। छात्रों ने यह भी कहा कि भविष्य में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आर.के.जी.आई.टी. गाज़ियाबाद एक बेहतरीन विकल्प है।

इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण एच. जी. गर्ग, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर. के. यादव एवं डीन एक्रेडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कैंप का आयोजन डॉ. अमित सिंघल एवं डॉ. प्रमोद कुमार सागर के निर्देशन में संपन्न हुआ। समापन समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कॉलेज के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान ने समर कैंप के आयोजन के लिए सभी आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई व धन्यवाद दिया।

# वैश्य समाज की प्रति अपमानजनक टिप्पणी किए जाने का लगाया आरोप

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने प्रदेश सरकार के बिजली मंत्री पर वैश्य समाज के प्रति अपमानजनक किए जाने का आरोप लगाया है । सत्येंद्र गुप्ता ने बिजली मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है। अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के बिजली मंत्री ने जो वैश्य समाज के ऊपर अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्हें वैश्य समाज को अपमानित करने का कोई अधिकार नहीं है। वैश्य समाज इस देश की इकोनॉमी में सबसे ज्यादा योगदान देने वाला समाज है । इस समाज को गाली देकर यह समाज का और समाज की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की हैं कि तुरंत मंत्री का इस्तीफा लिया जाए।

**सत्येंद्र गुप्ता ने बिजली मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है**

# युवक ने डिलीवरी कर्मी को नॉनवेज पहुँचाने पर रोका

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास के दौरान धार्मिक आस्था का उफान चरम पर है, लेकिन इसके नाम पर व्यक्तिगत आजादी में दखल देने की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। वसुंधरा क्षेत्र में एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट को केवल शाकाहारी व्यंजन परोसने के लिए विवश किए जाने की घटना के कुछ ही दिन बाद अब विजय नगर इलाके में एक और विवाद खड़ा हो गया है। यह मामला एक होम डिलीवरी कर्मी से जुड़ा है, जिसे मांसाहारी भोजन पहुँचाने के लिए टोका गया और सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई गई। बजरंग दल के कार्यकर्ता बताए जा रहे एक युवक ने न केवल डिलीवरी कर्मी से उसकी पहचान पूछी, बल्कि भोजन का पैकेट खुलवाकर मांसाहारी वस्तु देखने के बाद उसे लज्जित करने की कोशिश भी की।

वायरल हुए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक कह रहा है, ₹तू हिंदू होकर मांसाहारी सामान पहुंचा रहा है, तुझे शर्म नहीं आती?₹ जब डिलीवरी कर्मी ने बताया कि वह सिर्फ अपना काम कर रहा है, तो उससे ग्राहक को $फोन लगाने को कहा गया। $फोन पर ग्राहक ने जब अपना धर्म ईसाई बताया, तब जाकर उस युवक ने डिलीवरी कर्मी को जाने दिया।

# बिजली चोरी के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया, बिजली चोरों पर की गई कार्रवाई

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ।** विद्युत वितरण खण्ड मोदीनगर के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विशेष चैंकिग अभियान चलाया गया।

जिसके दौरान ग्राम कलछीना, मोदीनगर एवं अन्य क्षेत्र में सम्बन्धित अवर अभियन्ता एवं पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर, चैंकिग अभियान के दौरान 85 नं० व्यक्तियों के परिसरों को चैक किया गया जिसमें 01 नं0 मीटर के साथ छेड-छाड़ (टेम्पर्ड), 11 नं० धारा 135 (ए०) एवं 02 नं० धारा 138 (बी0) के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त खण्ड के अन्तर्गत 156 नं० विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजनों को अस्थायी रूप से विच्छेदित किया गया। उन्होंने खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों / उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत करायें। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड / खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें गये तथा समस्त विद्युत बकायेदार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र / ऑनलाईन तथा उपकेन्द्र पर उपस्थित होकर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें। अन्यथा की स्थिति में अस्थायी रूप से संयोजन विच्छेदन तथा पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद व विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।

# मेरठ रोड साइट-3 बनेगा आदर्श औद्योगिक क्षेत्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मेरठ रोड साइट-3 औद्योगिक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने बुनियादी सुविधाओं और औद्योगिक स्वच्छता को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़े स्तर पर कार्य शुरू कर दिए हैं। इस पहल का नेतृत्व यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री मयूर महेश्वरी कर रहे हैं, जिनकी प्राथमिकता औद्योगिक क्षेत्रों को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और निवेशकों के अनुकूल बनाना है। प्राधिकरण द्वारा 1.49 करोड़ रुपए की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) प्रणाली स्थापित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन कूड़े का उठान, उसका वैज्ञानिक निस्तारण और क्षेत्र की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है, जिससे औद्योगिक वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ रह सके। साथ ही, 23.94 लाख रुपए की लागत से नालियों की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य का उद्देश्य जलभराव की समस्या को समाप्त कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाना है, जिससे वर्षा ऋतु में क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। उद्योगों को निर्बाध परिवहन सुविधा देने हेतु सड़क अवस्थापना को और मजबूत करने की दिशा में 1.18 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। साथ ही, 1.26 करोड़ रुपए की लागत से वार्षिक अनुरक्षण (एनुअल मेंटेनेंस) का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है, ताकि दीर्घकालिक रख-रखाव और मरम्मत की व्यवस्था निरंतर बनी रहे। यूपीसीडा की यह बहुआयामी पहल न सिर्फ क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों को लाभ पहुंचाएगी, बल्कि श्रमिकों व उद्यमियों के लिए भी एक आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करेगी। यह कदम गाजियाबाद को राज्य के अग्रणी औद्योगिक केंद्रों में शामिल करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# पूज्य प्रेमानन्द जी महाराज की शिष्य बताकर, लोगो को अपने जाल मे फसाकर. पैसे हड़पने वाली महिला का हुआ पदार्फाश

वेलकम इंडिया

(बृंदावन) पूज्य प्रेमानन्द जी महाराज की शिष्य बताकर, लोगो को अपने जाल मे फसाकर. पैसे हड़पने वाली महिला का हुआ पदार्फाश.. पीड़ित ने नाम ना छापने की शर्त पर.. बताया पीड़ित.. अर्जुन(बदला हुआ नाम) ने बताया की वह और उनकी पत्नी दोनों मिलकर एक. युट्यूब चैनल चलाते है वर्ष 2024 जुलाई मे डिंपल जिंदल पत्नी विनोद जिंदल, निवासी - फ्लैट 8ए, गिरिराज छाया, रमनरेती, शीतल छाया, वृंदावन, पिंनकोड-281121, अपने गेस्ट हाउस / प्लॉट /फ्लैट की मार्केटिंग के लिए संपर्क किया, पीड़ित ने अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से डिंपल जिंदल द्वारा निर्देशित प्रोजेक्ट की मार्केटिंग की तथा जो भी करार हुआ था सब किया.. जिससे डिंपल जिंदल को बहुत फायदा हुआ, जब पीड़ित ने तय हुए पैसे की डिमांड किया तो पीड़ित ने भाई बोलकर राखी बांध दिया, और अपने आप को पूज्य प्रेमानंद जी महाराज का शिष्य बताया और उनके साथ अपना फोटो दिखाकर भरोसे मे ले लिया और बाद मे पैसे देने की बात किया , जब भी पीड़ित पैसे मागता, डिंपल और काम के लिए बोलती, पीड़ित अपना बकाया पैसे निकालने के लिए कार्य करता रहा, इस तरह से 9 महीने तक, कभी भाई बोलकर तो कभी, महाराज की शिष्या बताकर शोषण करती रही. जब पीड़ित को पता चला डिंपल जिंदल एक फ्रॉड औरत है गेस्ट हाउस मे आने जाने वालो की कोई पहचान पत्र ना देखती हैं न ही मागती हैं, डिंपल जिंदल के पड़ोसी ने इस बात पर आपति जताई और रेजिडेंसल फ्लैट मे गेस्ट हाउस नही होनी चाहिये, अगर कोई अनहोनी होती है तो जिमेदार कौन होगा तो पीड़ित ने डिंपल जिंदल के साथ काम न करने का वादा किया, डिंपल जिंदल अपने गेस्ट हाउस मे आने जाने वालो से ठगी करती है, तथा प्रेमानंद जी महाराज से मिलवाने के नाम पर लोगो से पैसे ठगती है. तो पीड़ित ने पुलिस के पास जाने की बात की तथा आगे से साथ मे काम करने से मना कर दी. तो डिंपल जिंदल ने कुछ पैसे दे दिये.. और आगे काम करने का दबाव बनाऐ.. पीड़ित के मना करने पर बदनाम करने की धमकी दी और पैसे वापस लेने की धमकी दिया, पीड़ित ने जब आगे साथ काम करने से मना कर दिया तो डिंपल जिंदल ने फर्जी पुलिस, से फोन करके धमकी दिलाया, तथा जान से मारने की धमकी दी! मजबूर होकर पीड़ित ने जन सुनवाई एप के माध्यम से पुलिस को शिकायत कि तो कोई कार्यवाई नही हुई, जब इस बात का पता डिंपल जिंदल को लगा तो उसने अपने पति विनोद जिंदल, अपने साथी प्रिंश (राहुल )व अपने बेटे पीयूष जिंदल द्वारा फोन के द्वारा धमकी दी गयी, तथा अपने साथी के साथ मिलकर फेक वीडियो बनाकर व पोस्टर बनाकर बदनाम करने की कोशिश की।

# गौशाला अंडरपास में जलभराव की समस्या से जूझ रही जनता को जल्द राहत मिलने की उम्मीद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बरसात के मौसम में गौशाला अंडरपास में जलभराव की समस्या से जूझ रही जनता को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने नगरायुक्त को पत्र लिखकर इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यह मुद्दा जनसुविधा से जुड़ा है और इसका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि संजीव शर्मा जनता की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं और उन्हें हल कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। गौशाला अंडरपास में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता है और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने नगरायुक्त को लिखे पत्र में बताया कि गौशाला अंडरपास उनके विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है और इससे मात्र 100 मीटर की दूरी पर ऐतिहासिक दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर स्थित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर इस मंदिर में कॉरिडोर निर्माण कार्य भी जारी है। लेकिन अंडरपास में हर साल बरसात के दौरान पानी भर जाने से न केवल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है, बल्कि कई बार हादसे भी हो चुके हैं। विधायक ने अपने पत्र में नगर आयुक्त से स्पष्ट रूप से आग्रह किया है कि जलभराव की इस गंभीर समस्या का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि बरसात में आमजन को राहत मिल सके और शहर की छवि पर आंच न आए। विधायक की इस पहल के बाद अब नगर निगम से त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। यदि समय रहते हल निकाला गया, तो यह कदम क्षेत्रीय जनता के लिए बड़ी राहत साबित होगा।



# कारगिल विजय दिवस पर भाजपा गाजियाबाद महानगर द्वारा विविध राष्ट्रभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी, गाजियाबाद महानगर द्वारा कारगिल विजय दिवस (2526 जुलाई) के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, कृतज्ञता और जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इन आयोजनों की तैयारियाँ महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल के नेतृत्व में अंतिम चरण में हैं। मशाल यात्रा एवं दीक्षा रैली 25 जुलाई की शाम बजरिया रेलवे रोड से नवयुग मार्केट स्थित शहीद स्थल तक एक भव्य मशाल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें युवाओं, पूर्व सैनिकों व नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रहेगी। इस यात्रा का नेतृत्व स्वयं भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल करेंगे। महानगर के विभिन्न मंडलों में शहीद परिवारों और वीर सैनिकों को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित किया जाएगा। शहर के प्रमुख युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर मौन श्रद्धांजलि दी जाएगी। स्वच्छता एवं हरियाली अभियान गाजियाबाद के सभी मंडलों में महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई एवं ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। 26 जुलाई को कविनगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में कारगिल विजय संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें मुख्य वक्ता गाजियाबाद की महापौर श्रीमती सुनीता दयाल होंगी एवं अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल करेंगे। कारगिल विजय दिवस सिर्फ एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के अदम्य साहस, बलिदान और एकता का प्रतीक है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम न केवल वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी में देशभक्ति का जज्बा भी जाग्रत करते हैं। भाजपा का हर कार्यकर्ता इस अवसर को एक मिशन की तरह ले रहा है – राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम। इस संदर्भ में भाजपा कार्यालय नेहरू नगर में आयोजित बैठक में सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में कार्यक्रम संयोजक कामेश्वर त्यागी, महामंत्री राजेश त्यागी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी सहित महानगर पदाधिकारी व सभी मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

# फ्लैट में लगी भीषण आग, दमकल ने समय रहते पाया काबू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र स्थित वैशाली सेक्टर-5 की डिजाइन आर्क सोसायटी में गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूसरी मंजिल के एक फ्लैट से अचानक धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण फ्रिज में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सौभाग्यवश घटना के वक्त फ्लैट में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि फ्लैट के भीतर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाडि?ां मौके पर पहुंचीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दमकलकर्मियों ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तत्काल बचाव व आग बुझाने का कार्य शुरू किया। करीब आधे घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के कुछ ही मिनटों में पूरे फ्लैट से कांच के बर्तनों के फटने और खिड़कियों के टूटने की आवाजें दूर-दूर तक सुनाई दे रही थीं, जिससे आसपास के निवासी भी डर गए और सोसायटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फ्लैट के मालिक कपिल गर्ग उस वक्त घर पर मौजूद नहीं थे। सोसायटी के अन्य निवासियों ने सुबह करीब पौने 12 बजे आग की लपटें देखकर तुरंत दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की सतर्कता और दमकल की त्वरित कार्रवाई की वजह से एक बड़ी अनहोनी टल गई। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि बिजली उपकरणों की समय-समय पर जांच और रखरखाव जरूरी है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस और फायर विभाग की टीम आग लगने के वास्तविक कारण और नुकसान का आकलन कर रही है।

# 'ट्रांसफर आदेश न मानने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सस्पेंड'

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में परिवहन विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के ट्रांसफर आदेश जारी किए गए, लेकिन आदेश का अधिकारियों ने साफ अनदेखी कर दी है, वहीं ट्रांसफर पॉलिसी के तहत हुए तबादलों को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों में कमीशन खोरी को लेकर खूब चर्चा भी हो रही है, जिसके बाद प्रशासन की तरफ से अधिकारियों को एक और लेटर जारी किया गया, जिसमें स्थानांतरण आदेश का पालन न करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है, बता दें गाजियाबाद परिवहन विभाग के प्रधान सहायक राजीव कुमार श्रीवास्तव हैं, जिनकी सरकारी आदेश में बागपत ट्रांसफर हो चुका है, लेकिन अभी तक राजीव कुमार अपनी नवीन तैनाती वाली जगह पर नहीं पहुंचे हैं, वहीं गाजियाबाद में वरिष्ठ सहायक पद पर तैनात अनिल कुमार हरित का भी ट्रांसफर मेरठ हो गया है, लेकिन अनिल कुमार हरित भी अभी अपनी पुरानी जगह पर ही डटे हुए हैं।

# श्रद्धा, सेवा और सौहार्द का संगम बना तीन दिवसीय कांवड़ मेला

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय कांवड़ मेला न सिर्फ आस्था का पर्व बना, बल्कि यह सेवा, समर्पण, एकता और भाईचारे की अद्वितीय मिसाल भी बन गया। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष और मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि इस बार का मेला, देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। महाराजश्री ने कहा कि इस पावन अवसर पर गाजियाबाद के हर नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और हर वर्ग ने एकसाथ मिलकर कांवडि?ों की सेवा की। इससे यह मेला एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी आयोजन में परिवर्तित हो गया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि सबसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार है, जिन्होंने स्वयं मंदिर आकर पूजा-अर्चना की और पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसी व्यवस्था करवाई जो सराहनीय रही। मुख्यमंत्री ने कांवडियों पर पुष्पवर्षा कर यह स्पष्ट कर दिया कि जब सत्ता का संचालन एक सच्चे सेवक के हाथ में होता है, तभी जनसेवा और धर्म दोनों को दिशा मिलती है। पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने न सिर्फ सुरक्षा की कमान संभाली, बल्कि स्वयं भी सेवा में जुटा रहा। जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, महापौर सुनीता दयाल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन अतुल वत्स, बिजली विभाग और नगर निगम की पूरी टीम ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा। विधायक संजीव शर्मा पूरे समय मंदिर में उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों के साथ सेवा में जुटे रहे। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद रमेश तोमर, पूर्व महापौर आशा वर्मा व आशु वर्मा, भाजपा नेता विजय मोहन सहित अनेक नेताओं ने तन-मन-धन से सहयोग किया। धर्मपाल गर्ग और अनुज गर्ग (अध्यक्ष, शंभू दयाल कॉलेज) के नेतृत्व में मंदिर विकास समिति ने लगातार 15 दिन तक भक्तों के लिए भोजन-प्रसाद और विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित की। एसी युक्त कमरों में कांवडि?ों के ठहरने का प्रबंध भी इसी समिति ने किया। मंदिर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल द्वारा भगवान शिव का दिव्य श्रृंगार किया गया, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। सफाईकर्मियों ने दिन-रात मंदिर परिसर को स्वच्छ रखा। हलवाई राजकुमार और उनके 20 कारीगरों ने भोजन सेवा संभाली।

कैला भट्टा के मुस्लिम समुदाय ने अपने व्यवसाय बंद कर सेवा में भाग लिया, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल स्थापित हुई। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने सभी प्रशासनिक, धार्मिक, सामाजिक संगठनों और जनता का आभार जताते हुए कहा कि यह मेला आने वाले वर्षों के लिए दिशा-दर्शक बनेगा।

# 2019 के मेरठ अपहरण कांड में लापरवाही उजागर होने पर क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी सस्पेंड



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस महकमे में जवाबदेही और पारदर्शिता का सख्त संदेश देते हुए पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई वर्ष 2019 में मेरठ में घटित एक गंभीर अपहरण मामले में घोर लापरवाही बरतने के आरोपों की पुष्टि के बाद की गई है। यह मामला वर्ष 2019 का है जब मेरठ के सिविल लाइंस क्षेत्र से एक युवती के अपहरण की शिकायत पीड़ित परिवार ने पुलिस में की थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि इस अपराध में कुख्यात अपराधी गिरोह ₹छांगुर बाबा₹ के सदस्य बदर अख्तर सिद्दीकी शामिल थे। उस समय थाना प्रभारी रहे इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने न केवल स्नह्नक्र दर्ज करने से इनकार कर दिया, बल्कि शिकायतकताओं को थाने से डांटकर भगा दिया। मामला तब फिर से सुर्खियों में आया जब हाल ही में एटीएस ने ₹छांगुर बाबा₹ को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पूछताछ में कई पुराने मामलों की परतें खुलीं और यह अपहरण केस भी सामने आया। एटीएस ने मेरठ एसएसपी को पत्र भेजकर केस की पुरानी डायरी व रिकॉर्ड मंगवाए, जिनकी समीक्षा में यह साबित हो गया कि सिद्दीकी ने जानबूझकर मामले को दबाया था। जांच में यह तथ्य सामने आए कि यदि तत्काल कार्रवाई की जाती, तो न केवल पीड़िता को समय पर न्याय मिल सकता था, बल्कि अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई भी संभव थी। लेकिन इंस्पेक्टर सिद्दीकी की निष्क्रियता और असंवेदनशीलता के कारण न्याय में देरी हुई और अपराधियों को खुली छूट मिल गई। इस गंभीर लापरवाही को शून्य सहनशीलता नीति के तहत लेते हुए पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने सिद्दीकी को तुरंत निलंबित करने का निर्णय लिया।

पुलिस विभाग की ओर से जारी बयान में स्पष्ट किया गया कि पीड़ितों की शिकायत को नजरअंदाज करना और संवेदनहीनता दिखाना किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई को पुलिस महकमे के भीतर जवाबदेही की नई मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। यह उन सैकड़ों पीड़ित परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बन सकती है, जो वर्षों से न्याय की बाट जोह रहे हैं। विभागीय सूत्रों का मानना है कि आगे ऐसे और भी मामलों में सख्त कार्रवाई होगी, जिससे पुलिस की साख और जनता का भरोसा दोनों बहाल हो सकें।

# कांवड़ लेकर लौटे ग्रामीण की खेत में संदिग्ध हालात में मौत

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव तलहैटा में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब खेतों पर काम करने जा रहे किसानों ने एक ग्रामीण का शव ईख के खेत में मेड के पास पड़ा देखा। मृतक की पहचान गांव के रहने वाले 34 वर्षीय चंद्रपाल के रूप में हुई, जो पेशे से माली थे और खेती-बाड़ी में मजदूरी भी किया करते थे। चंद्रपाल बुधवार को हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटे थे। शाम को घर पहुंचने के बाद पत्नी काजल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जो देर रात तक जारी रही। गुस्से में आकर चंद्रपाल रात करीब 12 बजे घर से बाहर निकल गए, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे। सुबह जब ग्रामीणों ने खेत में उनका शव पड़ा देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर शव की गहन जांच की और जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे प्रथम दृष्टया जहर खाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण का खुलासा हो पाएगा।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष व डिप्टी सीएम ने व्यक्त की गहरी संवेदना

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. राजपाल त्यागी के निधन से गाजियाबाद सहित पूरे उत्तर प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद क्षण पर गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गहरा शोक व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने स्व. त्यागी के परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने स्व. राजपाल त्यागी के जीवन को याद करते हुए उन्हें सच्चा जननेता बताया। उन्होंने कहा कि त्यागी जी का संपूर्ण जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल रहा। वे न केवल गाजियाबाद बल्कि प्रदेश की राजनीति के लिए भी एक अमूल्य निधि थे। उनका जाना अपूरणीय क्षति है, जिसे कभी भरा नहीं जा सकेगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय राजपाल त्यागी ने अपने सार्वजनिक जीवन में हर वर्ग और हर समुदाय के लिए समर्पित होकर कार्य किया। उन्होंने कहा त्यागी जी का व्यवहार, दूरदर्शिता और राजनीतिक सौम्यता आज भी प्रेरणादायक है। वे उन चुनिंदा नेताओं में थे जो बिना दिखावे के अपने कर्तव्यों का पालन करते थे। हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने स्व. त्यागी के बड़े पुत्र गिरीश त्यागी व छोटे पुत्र, वर्तमान विधायक अजीत पाल त्यागी से भेंट कर इस दुख की घड़ी में अपनी पूर्ण संवेदना व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि भाजपा का पूरा संगठन परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मौजूद रहे।

# महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा संचालित नंदी पार्क गौशाला अब सिर्फ निराश्रित गोवंशों के लिए आश्रय स्थल नहीं रही, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और नवाचार की प्रेरणास्रोत बनती जा रही है। गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से गौशाला का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, चारे-पानी की गुणवत्ता और सेवा-संस्कार की भावना से प्रशासनिक टीम संतुष्ट नजर आई। निरीक्षण के दौरान महापौर और नगर आयुक्त ने गोवंशों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गौशाला में 956 नंदी और 929 गायें रह रही हैं, जिनके लिए 19 शेड्स बनाए गए हैं। शेड्स की साफ-सफाई से लेकर खोरों में नियमित सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके लिए 63 कर्मचारियों की नियमित तैनाती है, जो दिन-रात सेवा में लगे हैं। महापौर ने निरीक्षण के बाद कहा कि गौवंशों के लिए स्वच्छ पानी, हरा चारा, भूसा, चिकित्सा सुविधा और आश्रय, सभी पहलुओं पर नगर निगम की टीम सतत कार्य कर रही है। इसके साथ ही महिला स्वच्छता कार्यकताओं की भूमिका भी उल्लेखनीय है जो पूरे परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने में लगी हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निरीक्षण के दौरान बताया कि नगर निगम गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई नवाचारी प्रयास कर रहा है। गौशाला में अब गोबर से उपले, वर्मी कंपोस्ट, गोमय लकड़ी, सजावटी गमले, मूर्तियां और अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों को बाजार में बेचकर गौशाला की आय में वृद्धि की योजना बनाई जा रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि भविष्य में गोबर से पेंट बनाने और जैविक खेती के लिए उपयोगी उत्पाद तैयार करने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल गौशाला को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि गोबर जैसी जैविक संपदा के व्यापक उपयोग की मिसाल भी बनेगी।

# 1 अगस्त को पांच प्रमुख स्थलों पर होगी मॉक ड्रिल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आपदा प्रबंधन को और मजबूत बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) के दिशा-निदेशों के तहत जिला आपदा प्राधिकरण (डीडीएमए) की अहम बैठक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला आपदा प्राधिकरण के सचिव सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इनसीडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (आईआरएस) के सदस्यों सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जनपद के पांच चिन्हित स्थलों पर आगामी 1 अगस्त को मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ये स्थल हैं तहसील मोदीनगर का सरकारी कार्यालय, इंग्राह्म स्कूल राजनगर, जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर, हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो लोनी और वीवीआईपी रेजिडेंस। इन सभी स्थानों पर अलग-अलग आपदा की परिस्थितियां सृजित कर उससे निपटने की तैयारियों को परखा जाएगा। इस बैठक में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सभी विभागों को मॉक ड्रिल के दौरान अपनी भूमिका स्पष्ट रूप से निभाने और समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट ने कहा कि किसी भी आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और सटीक समन्वय ही जनजीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। इसलिए मॉक ड्रिल केवल अभ्यास नहीं, बल्कि वास्तविक समय की चुनौती से जूझने की तैयारी है।